Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 318 | शुक्रवार, 21 नवंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## श्रीनगर के नौगाम पुलिस स्टेशन में धमाके की उच्चस्तरीय कमेटी करेगी जांच



**श्रीनगर।**

शहर के नौगाम पुलिस स्टेशन में हुए भीषण बम विस्फोट की जांच के लिए प्रदेश प्रशासन ने एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है।प्रदेश के गृह विभाग के प्रधान सचिव की अगुवाई में बनी जांच समिति में केंद्रीय फोरेंसिक साइंस लैबोरेट्री के एक वरिष्ठ वैज्ञानी को भी शामिल किया गया है। समिति विस्फोट के कारणों और इस मामले में हुई लापरवाही व उसके लिए जिम्मेदार लोगों को चिह्नित कर रही है। जल्द ही वह अपनी रिपोर्ट देगी। श्रीनगर के नौगाम पुलिस स्टेशन में 14 नवंबर को फरीदाबाद से बरामद किए गए विस्फोटकों की जांच के दौरान एक भीषण धमाका हुआ था। इसमें पुलिस स्टेशन की इमारत पूरी तरह ध्वस्त हो गई और छह पुलिसकर्मियों, एक नागरिक व दो राजस्व कर्मियों समेत नौ लोगों की मौत हो गई थी।

## जी-20 सम्मेलन में भारत उठाएगा ग्लोबल साउथ के मुद्दे

# पीएम आज से तीन दिवसीय दक्षिण अफ्रीका दौरे पर

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी-20 समिट में शामिल होने के लिए साउथ अफ्रीका के दौरे पर जा रहे हैं, जहां भारत ग्लोबल साउथ के मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाएगा। टएअ का कहना है कि भारत की प्राथमिकताओं पर पूरा ध्यान दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दक्षिण अफ्रीका यात्रा से पहले विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी सुधाकर दलेला ने कहा कि भारत और ग्लोबल साउथ से जुड़े सभी महत्वपूर्ण मुद्दों को जी-20 शिखर सम्मेलन में मजबूती से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नेताओं की घोषणा (लीडर्स डिक्लेरेशन) में क्या शामिल होगा, यह कहना अभी



जल्दबाजी होगी, लेकिन भारत की प्राथमिकताओं को पूरा महत्व मिलेगा। यह लगातार चौथा वर्ष है जब जी-20 शिखर सम्मेलन ग्लोबल साउथ के किसी देश में हो रहा है। दलेला ने बताया कि पहली बार यह सम्मेलन अफ्रीकी महाद्वीप पर आयोजित हो रहा है, जिससे अफ्रीका और विकासशील देशों के मुद्दों पर वैश्विक ध्यान बढ़ेगा। गौरतलब है कि 2023 में नई दिल्ली में हुए जी-20 सम्मेलन में अफ्रीकन यूनियन को स्थायी सदस्यता मिली थी। दक्षिण अफ्रीका इस वर्ष समूह की अध्यक्षता कर रहा है और 20वां शिखर सम्मेलन जोहानसबर्ग में होगा। प्रधानमंत्री मोदी 21 से 23 नवंबर तक वहां रहेंगे। उनके कई द्विपक्षीय कार्यक्रम भी प्रस्तावित हैं, जिनके विवरण तय किए जा रहे हैं। दलेला ने बताया कि यह प्रधानमंत्री की दक्षिण अफ्रीका की चौथी आधिकारिक यात्रा होगी। इससे पहले वह 2016 में द्विपक्षीय यात्रा और 2018 व 2023 में ब्रिक्स सम्मेलन के लिए गए थे। दलेला ने कहा कि इन विषयों को वर्षभर की बैठकों में खास तवज्जो मिली है और उम्मीद है कि शिखर घोषणा पत्र में भी इनका उल्लेख होगा।

> दलेला कहा कि दक्षिण अफ्रीका का अध्यक्षीय वर्ष सॉलिडेरिटी, इक्वलिटी, सस्टेनेबिलिटी थीम पर आधारित है। इस दौरान चार प्रमुख प्राथमिक क्षेत्रों को सामने रखा गया है, जिनका लक्ष्य विकासशील देशों की जरूरतों को वैश्विक एजेंडे में शामिल करना है। भारत ने अपनी अध्यक्षता के दौरान डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, खाद्य सुरक्षा और ऋण स्थिरता जैसे मुद्दों पर जोर दिया था।

## 'पहली बार मिला संवैधानिक तंत्र से जुड़े सवाल वाला प्रेसीडेंशियल रिफरेंस'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा भेजे गए मौजूदा प्रेसीडेंशियल रिफरेंस के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा है कि इसकी प्रकृति अब तक आए सभी रिफरेंसों से अलग है और इसमें उठाए गए सवालों का जवाब देना अदालत का संवैधानिक कर्तव्य है। कोर्ट ने साफ किया कि अनुच्छेद 143(1) के तहत अब तक 15 रिफरेंस भेजे गए, लेकिन इनमें से कोई भी संवैधानिक मशीनरी, पदाधिकारियों के कार्य-व्यवहार या राज्यपाल, राष्ट्रपति और विधानमंडल के बीच कानूनी प्रक्रियाओं से संबंधित नहीं था। सुप्रीम कोर्ट ने प्रेसीडेंशियल रिफरेंस का विरोध करनेवाली दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सभी रिफरेंस विशिष्ट तथ्यात्मक परिस्थितियों पर आधारित थे, जबकि मौजूदा रिफरेंस एक फंक्शनल रिफरेंस है, जो संविधान के संघीय ढांचे और शासन प्रणाली की निरंतरता से सीधे तौर पर जुड़ा है। इसलिए इसमें उठाए गए कुछ प्रश्नों का उत्तर देना सर्वोच्च न्यायालय का दायित्व बन जाता है।कोर्ट ने बताया कि इस रिफरेंस की पृष्ठभूमि तमिलनाडु मामले पर 8 अप्रैल 2025 को दो न्यायाधीशों द्वारा दिए गए उस फैसले से जुड़ी है।

## भारत-बांग्लादेश सीमा पर घुसपैठियों की भीड़ बढ़ रही

**कोलकाता।**



बंगाल में एसआइआर की घोषणा के बाद से ही हर दिन बड़ी संख्या में घुसपैठिए सीमा पार करके वापस बांग्लादेश लौटने की कोशिश रहे हैं। इसके चलते बांग्लादेश की सीमा से लगे बंगाल के विभिन्न सीमावर्ती इलाकों में घुसपैठियों की भीड़ बढ़ रही है। इसको देखते हुए गृह मंत्रालय ने बीएसएफ को हमेशा अलर्ट पर रहने को कहा है।इन सबके बीच बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के महानिरीक्षक (आइजी) अनीश प्रसाद ने गुरुवार को हेलीकॉप्टर से दक्षिण बंगाल के जिलों से लगती भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर हालात का निरीक्षण किया।बीएसएफ सूत्रों ने यह जानकारी दी। दक्षिण बंगाल फ्रंटियर पर पांच जिलों- मालदा, मुर्शिदाबाद, नदिया, उत्तर 24 परगना और दक्षिण 24 परगना से बांग्लादेश के साथ लगती कुल 915 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा की रखवाली का दायित्व है। बीएसएफ सूत्रों ने बताया कि आइजी ने इस पूरे बॉर्डर के हालात का हवाई निरीक्षण किया। उच्च पदस्थ एक सूत्र ने बताया कि अब इस सीमा के पूरे हालात पर केंद्रीय गृह मंत्रालय को एक रिपोर्ट भेजी जाएगी।



## पीएम ने फिर लहराया गमछा, सांस्कृतिक जुड़ाव ने बढ़ाई भीड़ की ऊर्जा, जय बिहार, हर-हर महादेव के लगे नारे

**नई दिल्ली।**

बिहार चुनाव के नतीजे आते ही 14 नवंबर की शाम को प्रधानमंत्री ने दिल्ली से देश को संबोधित करते हुए हवा में गमछा घुमाकर बिहार की जनता को धन्यवाद दिया था। उससे पहले बेगूसराय की चुनावी रैली और वहीं नए पुल के उद्घाटन के दौरान भी वे मंच से गमछा लहराते दिखे थे। शपथ ग्रहण समारोह ने महज राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन नहीं किया बल्कि सांस्कृतिक संकेतों की नई परिभाषा भी गढ़ी। पटना के गांधी मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जैसे ही आमतौर पर बिहार के सभी लोगों के गले में नजर आने वाला लाल-पीला गमछा लहराया, पूरा मैदान तालियों और नारों से गूंज उठा। इसके साथ ही मैदान में एक नई ऊर्जा का संचार हो गया। जय बिहार, हर-हर महादेव, नीतीश कुमार जिंदाबाद के नारों की गूंज लगातार तेज होने लगी। यह दृश्य बताता है कि सांस्कृतिक संकेत जब राजनीतिक संदेश के साथ जुड़ते हैं, तो उनका प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है। गमछा को पीएम पिछले तीन महीनों में कई बड़े मंचों पर अपने राजनीतिक संदेश की धुरी बनाते रहे हैं और अब यह बिहार की जनभावना के साथ उनके सबसे प्रभावी जुड़ाव का प्रतीक बन गया है। बिहार चुनाव के नतीजे आते ही 14 नवंबर की शाम को प्रधानमंत्री ने दिल्ली से देश को संबोधित करते हुए हवा में गमछा घुमाकर बिहार की जनता को धन्यवाद दिया था। उससे पहले बेगूसराय की चुनावी रैली और वहीं नए पुल के उद्घाटन के दौरान भी वे मंच से गमछा लहराते दिखे थे।

### गमछा पॉलिटिक्स असरदार क्यों ?

बिहार में गमछा सिर्फ परिधान नहीं सम्मान, पहचान और संस्कृति का प्रतीक है। किसान से लेकर मजदूर, युवा से लेकर बुजुर्ग हर वर्ग इसे जीवन और परंपरा का हिस्सा मानता है। राजनीतिक मंच पर जब कोई नेता इसे धारण करता है, तो संदेश साफ होता है वह नेता जनता के जीवन और संस्कृति को समझता है, और उससे जुड़ना चाहता है। मोदी ने इसी भावनात्मक संकेत को अपनी कनेक्ट पॉलिटिक्स का हिस्सा बनाया। बीते महीनों में इसकी पुनरावृत्ति ने इसे राजनीतिक हथियार बना दिया जो बिना भाषण के भी जनता से संवाद कर जाता है।

## छात्र की मौत मामले में प्रिंसिपल समेत चार सस्पेंड

**नई दिल्ली।**

दिल्ली में निजी स्कूल के 10वीं के छात्र की आत्महत्या के बाद शिक्षकों पर मानसिक उत्पीड़न पर एफआईआर दर्ज हो गई है। चार स्टाफ (9वीं-10वीं कोऑर्डिनेटर सहित) सस्पेंड हो गए है। गुरुवार को परिजनों और अभिभावकों ने स्कूल के बाहर कैंडल मार्च निकाला।

दिल्ली में एक निजी स्कूल के कक्षा 10वीं के छात्र के आत्महत्या मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। स्कूल में कक्षा 9वीं और 10वीं के कोऑर्डिनेटर समेत 4 लोगों को सस्पेंड कर दिया गया। स्टूडेंट को सुसाइड के लिए 'उकसाने' के आरोप में मामला दर्ज किया है। राजेंद्र प्लेस मेट्रो स्टेशन पर कथित तौर पर सुसाइड से एक 16 साल के छात्र की मौत के विरोध में छात्रों और उनके अभिभावकों ने अशोक प्लेस में सेंट कोलंबस स्कूल के बाहर प्रदर्शन किया। एफआईआर के मुताबिक, बच्चे के पिता ने आरोप लगाया कि स्कूल के कई टीचर्स द्वारा लगातार परेशान किए जाने की वजह से उनका बेटा बहुत ज्यादा मेंटल स्ट्रेस में था। निजी स्कूल के दसवीं के छात्र के मेट्रो स्टेशन से कूद कर आत्महत्या करने के मामले में अभिभावकों का गुस्सा फुट पड़ा। बृहस्पतिवार को छात्र के परिजनों और अन्य बच्चों के अभिभावकों ने स्कूल के बाहर तख्तियों के साथ कैंडल मार्च निकाला। छात्र के पिता का आरोप है कि उनके बेटे ने शिक्षकों की प्रताड़ना से आहत होकर आत्महत्या की है। प्रदर्शन के दौरान अभिभावकों ने मांग रखी कि जिन शिक्षकों का नाम शौर्य ने सुसाइड नोट में लिखा है। उसकी जल्द से जल्द गिरफ्तारी होनी चाहिए। इसके साथ ही स्कूल के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि कार्रवाई नहीं की गई तो हम सब लोग केंद्रीय शिक्षा मंत्री और प्रधानमंत्री से न्याय की गुहार लगाएंगे।




## यूपी के इस जिले में मीट फैक्ट्रियों में काम करने वाले कश्मीरियों का वेरिफिकेशन शुरू

**अलीगढ़।** दिल्ली में हुए विस्फोट के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने सतर्कता बढ़ा दी है। इसी क्रम में जिले में भी मीट फैक्ट्रियों में कार्यरत कश्मीरियों का सत्यापन शुरू कर दिया गया है। प्रशासन के निर्देश पर स्थानीय पुलिस व एलआइयू (लोकल इंटेलिजेंस यूनिट) की टीमों ने इन फैक्ट्रियों में तैनात हर कर्मचारी का रिकार्ड खंगालना प्रारंभ कर दिया है। सत्यापन के दौरान यह देखा जा रहा है कि किस फैक्ट्री में कितने कश्मीरी कर्मचारी कार्यरत हैं। वे कब से यहां काम कर रहे हैं और उनका स्थायी निवास कहां है। एलआइयू द्वारा एकत्र की गई सभी सूचनाएं जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ भी साझा की जा रही हैं।

## अनिल अंबानी के खिलाफ ईडी की बड़ी कार्रवाई

# 1452 करोड़ रुपये की नई संपत्तियां जब्त

**नई दिल्ली।**

ईडी ने रिलायंस समूह के अध्यक्ष अनिल अंबानी और उनकी कंपनियों से जुड़ी मनी लांड्रिंग जांच के तहत 1452 करोड़ रुपये की नई संपत्तियां जब्त की हैं। जांच एजेंसी ने इससे पहले अनिल अंबानी और उनकी कंपनियों की 7500 करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त की थीं। इस प्रकार इस मामले में अब तक लगभग नौ हजार करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की जा चुकी है।

सूत्रों ने बताया कि देश के विभिन्न हिस्सों में स्थित इन संपत्तियों को जब्त करने के लिए मनी लांच्ड्रग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अंतरिम आदेश जारी किया गया है। एएनआइ के अनुसार, ये संपत्तियां नवी मुंबई, चेन्नई, पुणे और भुवनेश्वर में स्थित हैं। ईडी ने इस मामले में अगस्त में अनिल अंबानी से पूछताछ की थी। एजेंसी ने उन्हें विदेशी मुद्रा उल्लंघन के एक मामले में पूछताछ के लिए फिर से तलब किया है। इस महीने की शुरूआत में एजेंसी ने रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकाम), रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड से जुड़े बैंक धोखाधड़ी मामलों की जांच के सिलसिले में नवी मुंबई स्थित धीरूभाई अंबानी नालेज सिटी में 4462 करोड़ रुपये की 132 एकड़ से अधिक जमीन जब्त की थी। मनी लांड्रिंग की जांच सीबीआइ द्वारा भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी, 406 और 420 तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(2) एवं 13(1)(डी) के तहत दर्ज प्राथमिकी पर आधारित है, जिसमें आरकाम, अनिल अंबानी और अन्य का नाम शामिल है। ईडी के अनुसार, आरकाम और समूह की अन्य कंपनियों ने 2010 और 2012 के बीच घरेलू और विदेशी दोनों तरह के ऋणदाताओं से 40,185 करोड़ रुपये का ऋण लिया था। इसके बाद से नौ बैंकों ने समूह के ऋण खातों को धोखाधड़ी वाला घोषित कर दिया है।




## दिल्ली-एनसीआर में भयंकर सर्द का अलर्ट



**नई दिल्ली।**

उत्तर भारत में में तापमान लगातार गिरता जा रहा है और इसके साथ ही बादलों ने भी अपने तेवर बदल लिए हैं। नवंबर का तीसरा हफ्ता शुरू होते ही मौसम कई तरह की करवटें ले रहा है। हिमचाल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर जैसे पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले तीन दिन तेज हवा, आंधी, बिजली गिरने और भारी बारिश की आशंका जताई गई है। वहीं दूसरी ओर, पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी के संकेत और भी मजबूत हो रहे हैं, जिससे ठिठुरन तेजी से बढ़ी है। उत्तर भारत में दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, यूपी, बिहार, राजस्थान और मध्य प्रदेश में कोहरे के साथ गलन वाली सर्दी का अलर्ट है। राजस्थान के कई इलाकों में ठंड तेजी से बढ़ रही है, खासकर शेखावाटी क्षेत्र में. फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 6.1त्ड, नागौर में 6.2त्ड दर्ज किया गया. राज्य के अधिकतर जिलों में तापमान 10त्ड से ऊपर रहते हुए भी नॉर्मल से 3-4त्ड कम है। दक्षिण भारत में तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, अंडमान-निकोबार और लक्षद्वीप में अगले 48 घंटे के दौरान जमकर बारिश हो सकती है।

### यूपी में कोहरे का अलर्ट

भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, 21 से लेकर 25 नवंबर तक दक्षिण और पूर्वोत्तर भारत के ज्यादातर हिस्सों में मौसम सक्रिय रहेगा। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआरसमेत उत्तर भारत के कई हिस्सों में शीतलहर की चेतावनी जारी की है। वहीं, उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में कोहरे की चादर दिखने लगी है।

## संपादक की कलम से

# इस बार भी नीतीश सरकार



ललित शर्मा
संपादक

पटना (बिहार) का गांधी मैदान एक बार फिर ऐतिहासिक क्षणों का साक्षी बना। राज्य में भाजपा-एनडीए सरकार ने शपथ ग्रहण की। नीतीश कुमार लगातार 10वीं बार मुख्यमंत्री बने। उन्होंने 7वीं, 8वीं, 9वीं बार मुख्यमंत्री पद ग्रहण करने के अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बीते 19 साल 2 माह से मुख्यमंत्री पद पर हैं। भाजपा के सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा को उपमुख्यमंत्री पद पर यथावत रखा गया है। कमोबेश यह दलबदल और अनिश्चित राजनीति के दौर का कीर्तिमान है। नई विधानसभा में भाजपा 89 सीटों के साथ जनता दल-यू के 85 विधायकों से आगे है। फिलहाल भाजपा के 14, जद-यू के 8, लोक जनशक्ति पार्टी (आर) के 2 और हम-राष्ट्रीय लोक मोर्चा के 1-1 मंत्रियों ने शपथ ग्रहण की है। भाजपा के 9 नए चेहरे मंत्री बनाए गए हैं। कुल 243 विधायकों में से 202 भाजपा-एनडीए के जीते हैं। जिस विपक्ष ने नीतीश कुमार की उम्र और उनके मानसिक-शारीरिक स्वास्थ्य को लेकर भद्दी टिप्पणियां की थीं, उनमें राजद 25 सीट पर ही सिमट चुका है और कथित राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस के हिस्से मात्र 6 सीट आई हैं। दरअसल इस बार भाजपा-एनडीए का जनादेश चुनौतीहीन है। नीतीश कैबिनेट के शपथ ग्रहण समारोह में देश के प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के अलावा, एक दर्जन मुख्यमंत्री भी उपस्थित रहे। यह एनडीए का शक्ति-प्रदर्शन भी था और जनादेश की व्यापकता भी थी कि देश के 60 फीसदी से अधिक इलाके पर भाजपा-एनडीए का शासन है। अब भाजपा के विधायकों की कुल संख्या 1654 और एनडीए के विधायकों का आंकड़ा 2300 से अधिक है। जश्न, उल्लास और उत्साह वाकई चरम पर था। बेशक यह भाजपा-एनडीए की लोकतांत्रिक स्वीकार्यता भी है। बहरहाल नीतीश सरकार के बनते ही बिहार में चुनाव का दौर सम्पन्न हो गया, लेकिन सरकार के सामने वायदों की चुनौतियां असंख्य हैं। जिम्मेदारियां हिमालय-सी हैं। बिहार सरकार को यथाशीघ्र 28,000 करोड़ रुपए की दरकार है, ताकि वायदों को निभाने की शुरूआत की जा सके। जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर, बेशक, चुनाव हार गए, हिस्से में बड़ा शून्य आया, लेकिन उनके आरोप बेहद अहम हैं कि भाजपा-एनडीए ने 29,000 करोड़ रुपए महिलाओं में बांटे और इस तरह उनके वोट खरीदे गए। इस बार बिहार में 71.78 फीसदी महिलाओं ने वोट दिए और पुरुषों की तुलना में महिलाओं ने 4 लाख से अधिक वोट डाले। यही भाजपा-एनडीए जनादेश की बुनियाद साबित हुई। प्रशांत का आरोप यह भी है कि नीतीश कुमार ने 40,000 करोड़ रुपए के वायदे भी किए हैं। उनमें महिलाओं को 2-2 लाख रुपए मुहैया कराने का भी वायदा है। यदि सरकार ने 6 माह के कार्यकाल में महिलाओं को 2 लाख रुपए नहीं दिए गए, तो वह इस मुद्दे पर अदालत में चुनौती देंगे। यह वोट खरीद का स्पष्ट मामला है, जो लोकतांत्रिक चुनाव में अवैध है। सवालिया यह भी है कि 1.80 लाख जीविका दीदियों को सरकार द्वारा बूथों पर चुनाव ड्यूटी पर क्यों लगाया गया? उन्होंने भाजपा-एनडीए के पक्ष में वोट देने का प्रचार क्यों किया।

## मोनिका डागा

### शीत ऋतु काल

कविता



विदा कर बरखा रानी को शरद ऋतु ने रंग जमाया,
सुबह और शाम चारों ओर घना श्वेत कोहरा है छाया,
दिन हुए छोटे लम्बी हुई अब रातें ये शीत ऋतु काल,
ठंडी-ठंडी ठिठुरन भरी हवाओं से तन-मन कपकपाया ।

वृक्षों ने बड़ी ही धैर्यता से शुष्कता को है अपनाया,
कुछ सूखे पत्तों ने चुपके से धरती को गले है लगाया,
तपतपाती स्वर्णिम रश्मि रथियों ने मद्धिम की हैं चाल,
ओस की टिमटिमाती बूँदों ने हर मन को है रिझाया ।

हरसिंगार के फूलों ने वसुंधरा को है अनुपम सजाया,
पुष्पों के इर्द-गिर्द डोल भौरों ने प्रेम गीत गुनगुनाया,
फुर-फुर धुआँ मुँह से निकले और गुलाबी हुए है गाल,
अंगीठी पर जलते अलाव से तन-मन ने सुकून पाया ।

पर्वतों ने ओढ़ी हिम चादर रवि किरणों ने सौंदर्य बढ़ाया,
प्रकृति ने सौम्यता व ₹आनंद₹ का भाव भीतर जगाया,
तन पर सजे स्वेटर, मफलर, जैकेट, कनटोप और शॉल,
कंपकंपाते हाथ पैर रजाई में दुबकने का मौसम आया ।

खान-पान के शौक लजीज व्यंजन जाड़ा संग है लाया,
हरी सब्जियों, फलों और सूखे मेवों में अमृत हैं समाया,
योग, ध्यान,व्यायाम से मिले ताजगी स्फूर्ति बेमिसाल,
तन-मन को आरोग्यवान शक्तिशाली हमने है बनाया ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# बिहार की सियासत में नीतीश कुमार ने खींच दी एक बड़ी लाइन, जिसे छोटा करना आसान नहीं !



विधानसभा चुनाव 2025 में उनकी पार्टी ने शानदार जीत हासिल की, जदयू की सीटें लगभग दोगुनी बढ़ीं और एनडीए को 202 सीटों का बहुमत मिला। इसके बाद उन्होंने मंत्रिमंडल में गठबंधन सहयोगियों को संतुलित स्थान देने का निर्णय लिया। उन्होंने सत्ता में बने रहने के लिए कई बार सरकार भंग की और गठबंधन बदला, जिससे उनकी सियासी मजबूती बनी रही। कभी सुप्रसिद्ध समाजवादी विचारक किशन पटनायक ने कहा था कि विकल्पहीन नहीं है दुनिया, लेकिन बिहार की सियासत में नीतीश कुमार ने साबित कर दिया है कि कोई लाख चिल्ल-पों मचा ले, परंतु बिहार में मुख्यमंत्री बनने के लिए उनका कोई विकल्प नहीं है। ऐसा इसलिए कि बिहार के जागरूक मतदाताओं को भ्रष्टाचार के आरोपों से बेदाग, सुशासन पसंद और राजनीतिक परिवारवाद के धुर विरोधी नीतीश कुमार का नेतृत्व ही पसंद है। नीतीश कुमार एक बार बिहार के मुख्यमंत्री बने और 20 नवंबर 2025 को उन्होंने 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, जो एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड है। इस बार उन्हें अभूतपूर्व जनादेश मिला है, जिससे तमाम कयासों को धत्ता बताकर वे पुनः मुख्यमंत्री बने हैं। इस प्रकार बिहार की सियासत में नीतीश कुमार ने एक वैसी बड़ी लाइन खींच दी है, जिसे छोटा करना उनके सियासी विरोधियों के लिए कतई आसान नहीं है। हालांकि, अपने इस रिकॉर्ड को कायम करने के लिए उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में कई बार गठबंधन बदले हैं, जिसमें बीजेपी और महागठबंधन दोनों के साथ शामिल हुए हैं। वाकई नीतीश कुमार की राजनीति का मूल मंत्र व्यावहारिकता, लचीला गठबंधन और प्रशासनिक सुधार है, जिसके चलते वे बिहार की राजनीति के केन्द्रीय पात्र बने हुए हैं। नीतीश कुमार के राजनीतिक बदलाव मुख्य रूप से सत्ता की भूख, सामाजिक परिवर्तन की इच्छा, गठबंधन रणनीति, और बिहार की जटिल राजनीतिक परिस्थितियों के कारण हुए हैं, जिन्होंने उन्हें बिहार की प्रमुख राजनीतिक शख्सियत बनाया है। नीतीश कुमार की राजनीति व्यावहारिकता, गठबंधन-केन्द्रित रणनीति और सुशासन के एजेंडे पर आधारित रही है, जहाँ वे विभिन्न दलों के साथ बार-बार गठबंधन बदलते हुए भी कई बार बिहार के मुख्यमंत्री बने हैं। यही वजह है कि नीतीश कुमार को बिहार में 'इच्छा शासन' का स्तंभ माना जाता है, और उन्होंने बिहार में सत्ता के महत्वपूर्ण मंत्रालयों पर नियंत्रण बनाए रखा है। यह सभी तथ्य नीतीश कुमार के राजनीतिक गाम्भीर्य और प्रशासनिक कौशल को दशार्ते हैं, विशेष रूप से बिहार की राजनीति में उनकी भूमिका को दिखाते हैं। इनके प्रमुख फैसले लगातार गठबंधन राजनिति में संतुलन बनाना और विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित करना रहे हैं। बहरहाल, 2024 में वह बीजेपी के साथ फिर से गठबंधन कर एनडीए के तहत मुख्यमंत्री पद पर बने रहे। उनके राजनीतिक फैसलों में बीजेपी के साथ गठबंधन तोड़ कर महागठबंधन में शामिल होना, फिर से बीजेपी के साथ मिलकर सरकार बनाना प्रमुख रहे। उन्होंने अपने प्रशासनिक फैसलों में सत्ता नियंत्रण बनाए रखने के लिए कई बार रणनीति बदली, जैसे गृह मंत्रालय अपने पास रखने का अभियान। विधानसभा चुनाव 2025 में उनकी पार्टी ने शानदार जीत हासिल की, जदयू की सीटें लगभग दोगुनी बढ़ीं और एनडीए को 202 सीटों का बहुमत मिला। इसके बाद उन्होंने मंत्रिमंडल में गठबंधन सहयोगियों को संतुलित स्थान देने का निर्णय लिया। उन्होंने सत्ता में बने रहने के लिए कई बार सरकार भंग की और गठबंधन बदला, जिससे उनकी सियासी मजबूती बनी रही। देखा जाए तो नीतीश कुमार के प्रमुख राजनीतिक बदलाव उनके राजनीतिक कैरियर में उनके रणनीतिक फैसलों, गठबंधन परिवर्तन, और समाजिक-राजनीतिक परिस्थितियों के अनुरूप उनके दृष्टिकोण में बदलावों का परिणाम रहे हैं।

इसलिए मुख्य राजनीतिक बदलाव और कारण को हम यहां पर गिना रहे हैं:-

पहला, शुरूआती राजनीति और जेपी आंदोलन से उदयनीतीश कुमार का राजनीतिक सफर जनता दल (यूनाइटेड) के सदस्य से शुरू हुआ, और उन्होंने अपने शुरूआती करियर में समाजवादी विचारधारा को अपनाया। 1990 के दशक में उन्होंने जनता पार्टी / जनता दल के साथ मिलकर लोकशिक्षा व सामाजिक बदलाव पर फोकस किया।

दूसरा, पहली बार मुख्यमंत्री बनना (2000): तत्कालीन और भौतिक राजनीतिक माहौल में बिहार में शांति व विकास के रास्ते पर लाने के लिए उन्होंने बिहार में पहली बार मुख्यमंत्री पद संभाला, लेकिन मात्र 7 दिनों के लिए सीएम बने थे।

# बीच लवर्स के लिए 5 बेस्ट डेस्टिनेशंस, अपनी ट्रिप को बनाएं यादगार



एक बीच लवर को लहरों की आवाज, पैरों के नीचे मुलायम रेत और दूर-दूर तक नीला आसमान मन को सुकून दे देता है। बीच वेकेशन रिलैक्सेशन प्रदान करता है साथ ही एडवेंचर, नेचर और खूबसूरत सनसेट्स के नजारे देखकर मंत्रमुग्ध हो जाएंगे। यदि आप भी बीच लवर है और आपको भी समुद्र किनारे छुट्टी मनाने का एक अलग ही एहसास लगता है, तो यह लेख सिर्फ आपके लिए है। एक बीच लवर को लहरों की आवाज, पैरों के नीचे मुलायम रेत और दूर-दूर तक नीला आसमान मन को सुकून दे देता है। बीच वेकेशन रिलैक्सेशन प्रदान करता है साथ ही एडवेंचर, नेचर और खूबसूरत सनसेट्स के नजारे देखकर मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। दुनिया में कई ऐसे समुद्र स्थल जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता, लग्जरी लाइफ के लिए जाना जाता है। चाहे आप पार्टी-लविंग ट्रैवलर हों, शांत वेकेशन पसंद करते हों या वॉटर स्पोर्ट्स के शौकीन हों, तो इन बीच डेस्टिनेशन्स पर जरुर जाएं। आइए आपको बताते हैं 5 बेस्ट बीच प्लेसेज, जहां आपको लाइफ में एक बार जरुर जाना चाहिए।

**मालदीवः** दुनिया का सबसे रोमांटिक और शांत बीच डेस्टिनेशन्स में से मालदीव एक है। मालदीव में क्रिस्टल-क्लियर पानी, ओवरवॉटर विला और लग्जरी रिजॉर्ट्स हर ट्रैवलर का सपना होते हैं। स्नॉर्केलिंग, डाइविंग और अंडरवॉटर डाइनिंग के लिए किसी स्वर्ग से कम नहीं है। कपल्स के लिए यह शानदर जगह है।

**गोवा, इंडियाः** भारत का सबसे ज्याद बीच वाल राज्य गोवा को पसंद किया जाता है। यहां पर हर मौसम में पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। यहां पर बागा, अंजुना, पालोलेम और कोलवा जैसे बीच खूबसूरती के साथ ही रोमांचक वॉटर स्पोर्ट्स भी ऑफर करते हैं।

**बाली, इंडोनेशियाः** बाली की बीच लाइफ बेहद ही सुंदर है। यहां के शांत सनसेट्स देखने का एक अलग ही मजा आता है। नूसा दुआ, जिम्बरन, सेमिन्याक और उलुवाटू जैसे बीच एकदम परफेक्ट है। बाली में योग, स्पा और कैफे-कल्चर का सबसे बेस्ट अनुभव मिलता है, जो इसे फेवरेट बीच डेस्टिनेशन बनाता है।

**सेशेल्सः** बीच डेस्टिनेशन सेशेल्स एक शानदार जगह है। यहां पर प्रिस्टीन व्हाइट सैंड और नीले लैगून्स के लिए जाना जाता है। यह जगह लग्जरी ट्रैवलर्स और हनीमून कपल्स के लिए किसी सपने जैसी डेस्टिनेशन है।

**अंडमान-निकोबारः** भारत के अंडमान द्वीप समूह राधानगर और एलिफेंट बीच जैसे शांत और सुंदर समुद्र तटों के लिए जाना जाता है। यहां की कोरल रीफ्स, ग्लास-बॉटम बोट राइड्स और स्कूबा डाइविंग का शानदार अनुभव देता है।

# 20 वाँ जी-20 शिखर सम्मेलन जोहान्सबर्ग 21-23 नवंबर 2025 - वैश्विक शक्ति- संतुलन, अमेरिकी अनुपस्थिति और भारत की नेतृत्वकारी भूमिका का गहन अंतरराष्ट्रीय विश्लेषण



गोंदिया

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का प्रमुख मंच जी-20 इस वर्ष एक ऐसे दौर में बैठक कर रहा है,जब वैश्विक आर्थिक परिदृश्य पहले से कहीं अधिक जटिल, बहुस्तरीय और अनिश्चितता से घिरा हुआ है। 21 से 23 नवंबर 2025 तक दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में आयोजित होने वाला यह शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है,जब जलवायु परिवर्तन,ऊर्जा संक्रमण,वैश्विक मंदी का खतरा, तकनीकी प्रभुत्व की जंग और भू-राजनीतिक अविश्वास जैसे मुद्दे विश्व व्यवस्था को पूर्णतः पुनर्परिभाषित कर रहे हैं। भारत की ओर से माननीय पीएम की उपस्थिति न सिर्फ औपचारिकता है, बल्कि भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा और एक उभरती हुई निर्णायक शक्ति के रूप में उसकी अनिवार्य भूमिका को रेखांकित करती है ।अंतरराष्ट्रीय राजनीति के इस संवेदनशील मोड़ पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का सम्मेलन का बहिष्कार करना वैश्विक शक्ति संरचना और सामूहिक सहयोग की भावना पर गहरा प्रभाव डालता है ।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि वस्तुतः 2025 का यह सम्मेलन केवल जी-20 एजेंडा का नहीं, बल्कि विश्व प्रणाली में हो रहे बड़े परिवर्तन का प्रतीक बन चुका है और इस परिवर्तन के केंद्र में भारत अभूतपूर्व रूप से उभर रहा है। बहरहाल,

जोहानिसबर्ग का यह शिखर सम्मेलन दक्षिण अफ्रीका के लिए कूटनीतिक कसौटी है उसे अमेरिकी अनुपस्थिति की चुनौती के बीच सम्मेलन को सफलता पूर्वक संपन्न करना है। वहीं भारत के लिए यह अवसर है अपने नेतृत्व की निरंतरता दिखाने का। जब ट्रंप वैश्विक सहयोग से दूरी बना रहे हैं, तब मोदी उसी सहयोग को एक नई दिशा देने जा रहे हैं ।यही विरोधाभास आज के वैश्विक परिदृश्य का सार भी है। इसलिए जोहानिसबर्ग का सम्मेलन केवल जी-20 का आयोजन नहीं, बल्कि विश्व व्यवस्था के पुनसंतुलन का प्रतीक है और इस पुनसंतुलन में भारत की भूमिका न केवल केंद्रीय है,बल्कि प्रेरक भी।

साथियों बात अगर हम जी-20 सम्मेलन में अमेरिका की अनुपस्थिति और वैश्विक बहुपक्षवाद की चुनौती को समझने की करें तो, जोहान्सबर्ग शिखर सम्मेलन का सबसे विवादास्पद और महत्वपूर्ण पहलू है, अमेरिका का स्पष्ट बहिष्कार। ट्रंप प्रशासन द्वारा दक्षिण अफ्रीका पर लगाए गए आरोपों और ₹अमेरिका फर्स्ट₹ नीति को आगे बढ़ाते हुए इस मंच से दूरी बनाना उस व्यापक प्रवृत्ति का हिस्सा है, जिसमें चरणबद्ध ढंग से अमेरिका अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं, वैश्विक समूहों और बहुपक्षीय समझौतों से खुद को अलग कर रहा है ।ट्रंप की यह नीति केवल कूटनीति नहीं, बल्कि एक विचारधारा है जो वैश्विक सहयोग को अमेरिका के राष्ट्रीय हितों के विरुद्ध मानती है। इसके परिणामस्वरूप,जी-20 की विश्वसनीयता पर प्रश्न उठ रहे हैं (1) वैश्विक आर्थिक सहयोग कमजोर हो रहा है (2) वैश्विक दक्षिण के उभार का मार्ग और स्पष्ट हो रहा है (3) अमेरिका की नैतिक और नेतृत्वकारी भूमिका कमजोर पड़ रही है,सबसे गंभीर आरोप यह है कि अमेरिका अन्य सदस्य देशों पर दबाव डाल रहा है कि वे जी-20 घोषणा- पत्र पर हस्ताक्षर न करें। यदि ऐसा होता है, तो यह जी- 20 की सामूहिकता विश्वास और कूटनीतिक शक्ति को गहराई से कमजोर कर देगा। इससे 2026 में अमेरिका की जी-20 अध्यक्षता भी सवालों के घेरे में आ सकती है, क्योंकि एक नेतृत्वकर्ता की नैतिक स्थिति उसी समय मजबूत होती है जब वह सहयोग की संस्कृति में विश्वास रखता हो।

साथियों बात अगर हम 20 वें जी20 सम्मेलन के मेजबान दक्षिण अफ्रीका के सामने कूटनीतिक परीक्षा, नेतृत्व का प्रश्न खड़ा हुआ है इसको समझने की करें तो, दक्षिण अफ्रीका के सामने इस समय सबसे बड़ी चुनौती है अमेरिका की अनुपस्थिति के बावजूद सम्मेलन को सफल बनाना, और जी-20 के भीतर नेतृत्व की निरंतरता को प्रभावी तरीके से आगे बढ़ाना। परंपरा के अनुसार, सम्मेलन के समापन पर जी- 20 की अध्यक्षता का ₹बैटन₹ अगले मेजबान देश को सौंपा जाता है ।लेकिन जब अमेरिका स्वयं बैठक में मौजूद ही नहीं, तो यह प्रश्न गंभीर है किः (1) दक्षिण अफ्रीका अमेरिकी प्रतिनिधि को बैटन सौंपे या (2) किसी वैकल्पिक व्यवस्था के तहत किसी विशेष देश को यह जिम्मेदारी दे, यह स्थिति जी-20 के इतिहास में लगभग अभूतपूर्व है। इससे यह भी संकेत मिलता है कि वैश्विक शक्ति-संतुलन अब पूर्ववत नहीं रहा, पश्चिमी दुनिया की केंद्रीयता कमजोर हो रही है और वैश्विक दक्षिण की भूमिका निर्णायक बनती जा रही है ।दक्षिण अफ्रीका इस सम्मेलन के माध्यम से दुनियाँ को यह संदेश देना चाहता है कि एक विकसित न होने वाला देश भी वैश्विक आर्थिक और कूटनीतिक विमर्शों को नेतृत्व दे सकता है ।अमेरिकी दबाव, राजनीतिक ध्रुवीकरण और आंतरिक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद इस सम्मेलन को सफल बनाना उसके लिए एक बड़ी कूटनीतिक उपलब्धि होगी। साथियों बात अगर हम भारत के लिए यह अवसर वैश्विक नेतृत्व का स्वर्णिम क्षण होगा इसको समझने की करें तो, अमेरिका की अनुपस्थिति ने भारत के लिए एक अप्रत्याशित लेकिन अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर तैयार कर दिया है ।भारत पहले ही 2023 में जी- 20 की मेजबानी करके अपनी कूटनीतिक क्षमता, संवाद कौशल और वैश्विक नेतृत्व की शक्ति का प्रदर्शन कर चुका है। ₹एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य₹ का मंत्र दुनिया में नई सोच और नए सहयोग का आधार बन चुका है ।2025 के जोहान्सबर्ग सम्मेलन में भारत इन कारणों से केंद्रीय भूमिका निभा सकता है (1) वैश्विक दक्षिण का स्वाभाविक नेता (2) अमेरिका और वैश्विक दक्षिण के बीच पुल का कार्य (3) वैश्विक ऊर्जा और तकनीकी बहसों में निर्णायक आवाज (4) जलवायु न्याय और विकासशील देशों की मांगों को मंच प्रदान करना (5) वैश्विक व्यापार में स्थिरता का प्रस्ताव,भारत का नेतृत्व आज इसलिए भी विशिष्ट है क्योंकि वह शक्ति संतुलन की राजनीति नहीं, बल्कि सहयोग और समावेशन की राजनीति को प्राथमिकता देता है ।जब ट्रंप वैश्विक संस्थाओं से दूरी बना रहे हैं, तब भारत का आगे आना दुनिया को एक नए नेतृत्व मॉडल से परिचित कराता है,जहां शक्ति संवाद से आती है, न कि वर्चस्व से।

साथियों बात अगर हम वैश्विक परिप्रेक्ष्य नई विश्व व्यवस्था का पुनसंर्तुलन इसको समझने की करें तो,आज का वैश्विक परिदृश्य ऐसे मोड़ पर है,जहां (1) अमेरिका और यूरोप के भीतर राजनीतिक ध्रुवीकरण बढ़ा है (2) रूस-यूक्रेन युद्ध अंतरराष्ट्रीय प्रणाली को कमजोर कर रहा है (3) चीन और अमेरिका की प्रतिद्वंद्विता वैश्विक अर्थव्यवस्था को दो ध्रुवों में विभाजित कर रही है (4) जलवायु संकट दुनिया को नई आपदाओं की ओर धकेल रहा है (5) आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नई भू-आर्थिक लड़ाई का केंद्र बन चुका है,ऐसे में जी-20 की भूमिका केवल आर्थिक मंच तक सीमित नहीं रही ।यह आज वैश्विक प्रशासन का वैकल्पिक ढांचा बन चुका है ।और ठीक इसी समय भारत की उपस्थिति, जिम्मेदारी और दृष्टिकोण वैश्विक स्थिरता के लिए अनिवार्य है ।जोहान्सबर्ग का सम्मेलन वास्तव में ₹विश्वव्यवस्था का पुनसंर्तुलन₹ है ।ऐसा पुनसंर्तुलन जिसमें,अमेरिका केंद्र में नहीं,बहुध्रुवीय नेतृत्व उभर रहा है,एशिया-अफ्रीका-लैटिन अमेरिका की आवाज मजबूत हो रही हैवैश्विक गणना में भारत की भूमिका सर्वाधिक प्रभावी है।

# गोल्डन लायनेस नवचेतना क्लब व सूची मौसम चौधरी ने किया एक गरीब कन्या के विवाह में सहयोग

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**बिजनौर।** गोल्डन लायनेस नव चेतना क्लब द्वारा एक प्रोजेक्ट के माध्यम से गरीब कन्या के विवाह में आवश्यक सामग्री जैसे सूट, साड़ियां, बेडशीट, स्टील के बर्तन, डिनर सेट, लेमन सेट टी सेट, लहंगा, श्रृंगार का सामान व अन्य घरेलू वस्तुएं देकर सहयोग किया गया। कार्यक्रम का आयोजन क्लब की कमेटी चेयरपर्सन जीएल शैली चौधरी के निवास पर किया गया।

जिसमें भारतीय जनता पार्टी बिजनौर की विधायक शुचि मौसम चौधरी ने 11000 रुपए की धनराशि गरीब कन्या को भेंट की। व उसे सिलाई मशीन व अन्य वस्तुएं खरीदने के लिए कहा और जीवन में आत्मनिर्भर बनने के लिए भी प्रेरित किया। पीडीसीपी जीएल खुशबू कर्णवाल ने भी इस सेवा कार्य में अपना योगदान दिया। क्लब की समिति चेयरपर्सन शैली चौधरी, अध्यक्षता सुमन रावत, सचिवा रेनू चौधरी, कोषाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, सदस्या बबीता चौधरी, नितिन चौधरी व नीतू चौधरी की उपस्थिति में अन्य सदस्यों के सहयोग से सेवा कार्य पूर्ण किया गया।

# आगरा में महिलाओं के लिए पिंक ऑटो रिक्शा की शुरूआत




**आगरा से संवाददाता मयूर खान**

आगरा में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वालम्बन के लिए मिशन शक्ति फेज-3 के अन्तर्गत पिंक ऑटो रिक्शा के परमिट जारी किए जाने का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ है। पहले चरण में 50 परमिट जारी किए जाएंगे। इन ऑटो रिक्शा में जीपीएस और पैनिक बटन लगा होगा जो पुलिस थाने से लिंक होगा। महिला चालकों को सेफ ड्राइविंग के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा और पर्यटन विभाग द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा, आगरा मेट्रो के पास 10 फीडर रूट पर सीएनजी वाहन चलाने की भी स्वीकृति मिली है, जिससे यात्रियों को मेट्रो स्टेशन से उनके गंतव्य तक पहुंचने में आसानी होगी। इस पहल से महिलाओं को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे और शहर की यातायात व्यवस्था में भी सुधार।

# सेंट आरवी कॉन्वेंट स्कूल में हुआ खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ



**वेलकम इंडिया**

**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। सेंट आरवी कॉन्वेंट स्कूल जिवाना बिनौली के प्रांगण में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ बड़े ही उत्साह एवं जोश के साथ किया गया ।जिसमें छात्रों को खेल के माध्यम से जीवन के मूल्यों को सीखने का अवसर प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी अनुराग जैन, विद्यालय निदेशिका श्रीमती चारू जैन, उपनिदेशक एडवोकेट प्रथम जैन व प्रधानाचार्य निर्दोष शर्मा द्वारा माँ सरस्वती के सम्मुख पुष्पांजलि व द्वीप प्रज्वलित करके किया गया ।समाज सेवी श्री अनुराग जैन ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की । साथ ही विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री निर्दोष शर्मा द्वारा उन्हें पटका व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की श्रृंखला में सर्वप्रथम विद्यालय निदेशिका श्रीमती चारू जैन, समाज सेवी श्री अनुराग जैन व प्रधानाचार्य श्री निर्दोष शर्मा ने शांति के प्रतीक सफेद कबूतर उडाकर व फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । अंडर 14 छात्रा वर्ग में 100 मी0 रेस व लॉग जम्प में दीक्षा, गोरी, निक्की, साक्षी, प्रज्ञा, गार्गी आदि का जलवा बरकरार रहा। वही 400 मीटर रेस में आदित्य अमेजॉन हाउस से प्रथम, देवांश एवरेस्ट हाउस से द्वितीय और सनी नाइल हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।अंडर 17 में छात्रा वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में पेसिफिक व एवरेस्ट सदन एवं रस्साकशी में भी पेसिफिक व एवरेस्ट सदन की छात्राओ का जलवा बरकरार रहा। छात्र वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में अमेजन व नाइल व वॉलीबॉल में पेसिफिक व एवरेस्ट सदन के छात्रों ने जीत दर्ज की। प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में खेल प्रभारी सालिम व चारों सदनों के मुख्य प्रभारी रोमी वालिया , विपिन कहराना ,सुमित बालियान, महताब अली व समस्त शिक्षकगणों का सहयोग रहा ।

# एक जगह भरें एसआईआर फार्म वर्ना होगी जेल : उप जिला निर्वाचन अधिकारी

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

> अगर एक से ज्यादा स्थान पर एसआईआर में फार्म जमा करके दो स्थान पर वोट रखेंगे तो उनको एक साल की जेल हो सकती है ।उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि अगर फार्म का पूरा विवरण उनके पास नहीं है तो अपना नाम, मोबाइल नंबर माता पिता का नाम वाला कालम भर दें ।ड्राफ्ट पब्लिकेशन के बाद वह शेष डाक्युमेंट देकर फार्म को पूरा करवा सकते हैं ।

**बिजनौर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिस किसी मतदाता के पूर्व में एक से ज्यादा स्थानों पर वोट हैं तो ऐसे मतदाता एक ही जगह गणना प्रपत्र भरे। अगर एक से ज्यादा स्थान पर एसआईआर में फार्म जमा करके दो स्थान पर वोट रखेंगे तो उनको एक साल की जेल हो सकती है ।उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि अगर फार्म का पूरा विवरण उनके पास नहीं है तो अपना नाम, मोबाइल नंबर माता पिता का नाम वाला कालम भर दें। ड्राफ्ट पब्लिकेशन के बाद वह शेष डाक्युमेंट देकर फार्म को पूरा करवा सकते हैं। ऐसा नहीं है कि अभी पूरा फार्म भरने के इंतजार में वह फार्म जमा ही नहीं करें। उन्होंने बताया कि जो मतदाता 2003 या उससे पहले से पंजीकृत है उन्हें पिछले रकफ की वोटर सूची मे मतदाता का नाम वाले सेक्शन में 2003 की वोटर लिस्ट के अनुसार विवरण भरना होगा। राज्य, जिला और विधानसभा क्षेत्र चुनने के बाद पोलिंग स्टेशन के नाम या भाग संख्या से विवरण खोजे जा सकते है। जो मतदाता 2003 की वोटर लिस्ट में दर्ज नहीं है ऐसे मतदाताओं को माता-पिता या किसी रिश्तेदार का विवरण देना होगा, जो 2003 सूची में दर्ज हो। यह संबंधी साबित करने और अपात्र मतदाताओ को छांटनी के लिए जरूरी है। अनाथ होने की स्थिति में उस व्यक्ति का विवरण देना होगा जिसे उसने माता-पिता के स्थान पर अभिभावक/रिश्तेदार माना है। उन्होंने बताया कि यदि मतदाता 2003 की लिस्ट में नहीं है और माता-पिता/रिश्तेदार की जानकारी भी नहीं दे पाता है तो उपरोक्त कॉलम खाली छोड़कर बीएलओ को फॉर्म जमा कर सकता/सकती है। बीएलओ इस फॉर्म को चिह्नित करेगा। 9 दिसंबर 2025 को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी होने के बाद मतदाता को नोटिस दिया जाएगा, जिसके बाद 9 दिसबर 2025 से 31 जनवरी 2026 के बीच मांगे गए 12 दस्तावेज में से कोई भी जमा करना होगा। दस्तावेज न देने पर एफड तय करेगा कि मतदाता की पात्रता मान्य है या नहीं। उन्होंने यह भी बताया कि यदि बीएलओ तीन बार घर जाकर भी मतदाता से संपर्क नहीं कर पाता और फॉर्म घर पर चस्पा करने के बाद भी मतदाता अनुपस्थित/ शिफ्टेड/अनट्रेसेबल या डुप्लीकेट एट्री पाई जाती है तो ऐसे मतदाता को अंतिम मतदाता सूची में शामिल नही किया जाएगा।

# बहुउद्देशीय साधन समिति की पार्वती अध्यक्ष पूजा बनी उपाध्यक्ष



**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर,** सहकारिता चुनाव में बहुउद्देशीय साधन समिति आरे में चुनाव संपन्न हो गया है। जिसमें सर्वसम्मति से समिति से जुड़े सदस्यों ने अध्यक्ष पद पर वरिस्ठ भाजपा नेता महेश सिंह खेतवाल की पत्नी पार्वती खेतवाल को निर्विरोध अध्यक्ष जबकि

समिति के उपाध्यक्ष पर पूजा आर्या को निर्विरोध चुना गया। इसके अलावा बैंक प्रतिनिधियों में छः लोगों को निर्विरोध चुना गया। जिसमें महेश खेतवाल मथुरा प्रसाद, प्रकाश साह, विवेक तिवारी, लता खेतवाल, दिवान सिंह गढ़िया एवं अन्य सदस्यों को निर्विरोध चुना गया।नवनिर्वाचित समिति ने समिति को निर्धारित लक्ष्य के आधार पर और अधिक मजबूत बनाने, और सहकारी समिति को वित्तीय रूप से जिले की सर्वश्रेष्ठ बनाते हुए क्षेत्रीय लोगों को सहकारी समिति के माध्यम से उचित लाभ दिलाने की बात कही।

# आगरा में नाले में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, पुलिस जांच में जुटी



**वेलकम इंडिया**

आगरा के जगदीशपुरा क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव मोती हॉस्पिटल के पीछे नाले में तैरता हुआ मिला। पुलिस ने शव को नाले से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, शव की उम्र लगभग 35-45 वर्ष के बीच है, लेकिन शरीर अत्यधिक सड़ जाने के कारण पहचान संभव नहीं हो पाई है। पुलिस ने आसपास के इलाके की सीसीटीवी फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है ताकि मृतक की पहचान और उसकी अंतिम गतिविधियों का पता लगाया जा सके। शव के पास से एक मोबाइल फोन, चाबियों का गुच्छा, बेटनोवेट ट्यूब और तंबाकू बरामद हुआ है। पुलिस का कहना है कि पहचान और मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा। साथ ही आस-पास के थानों में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी खंगाली जा रही है।

# रूट्स ग्रुप ऑफ कॉलेजेस द्वारा निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**बिजनौर।** रूट्स ग्रुप ऑफ कॉलेजेस ने 64वें राष्ट्रीय फामेर्सी सप्ताह के चतुर्थ दिवस, बिजनौर के ग्राम अगरी में निःशुल्क मेडिकल कैम्प आयोजित किया! इस आयोजन में शांतनु गुप्ता म डी, आदित्य गुप्ता निर्देशक, यश गुप्ता निर्देशक , डॉ हरवीर सिंह एक्सिक्यूटिव डायरेक्टर , नादिर खान प्रिंसिपल , जितेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमे डॉ हुजैफा द्वारा मरीजों का चैकअप किया तथा निःशुल्क दवाई दी। फामेर्सी के छात्र छात्राओ ने बढ़ चढ़कर अपना योगदान दियो इस मेडिकल कैम्प के माध्यम से हमने न केवल राष्ट्रीय फामेर्सी सप्ताह के उद्देश्य को पुर किया, बल्कि ग्रामीण क्षैत्र में स्वास्थ सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने और टीकाकरण के बारे में जागरूकता बढ़ाने की अपनी प्रीतिबद्धता को भी दोहराया। हम बिजनौर जिले के निवासियों और इस आयोजन को सफल बनाने वाली हमारी पूरी टीम के आभारी है।

# पेंशनरों की समस्या के समाधान हेतु पेंशनर डेस्क की मांग



**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर।** राजकीय पेंशनर्स परिषद की बैठक प्रकटेश्वर मंदिर सभागार में हुई। अध्यक्षता करते परिषद के अध्यक्ष तारा सिंह कठायत ने संघठन मजबूती की अपील की।बैठक में संगठन के सदस्यों व पदाधिकारियों ने पेंशनर्स को 65, 70,75, व 80 वर्ष में 5 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी करने की मांग की, व कम्प्यूट की धनराशि की कटौती पंद्रह वर्ष के स्थान पर ग्यारह वर्ष तक करने की मांग की जबकि इस धनराशि 11 वर्षो में ही पूर्ण हो जाती है, जबकि कटौती पंद्रह वर्षों तक की जा रही है जिससे कुल प्राप्त धन दुगने से अधिक काटी जाती है जिससे पेंशनर्स को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है, जिसका असर स्वास्थ्य व अन्य जरूरी कार्यों पर पड़ता है। इसके साथ ही संगठन के आगामी अधिवेशन हेतु रूप रेखा तय की गयी व सभी पेंशनर्स से सम्पर्क कर जनपदीय इकाई के गठन हेतु सहयोग करने की अपील की जाएगी, पेंशनर्स के स्वास्थ्य व अन्य दिक्कतों के लिए हाल ही में आयोजित कैम्प की तर्ज पर अस्पतालों में या किसी सार्वजनिक स्थान पर कैम्प आयोजित कर उसका लाभ दिया जाय जिससे पेंशनर अपने को सुरक्षित महसूस करे, जिले में राज्य पेंशनर्स डेस्क की स्थापना हो जहां पर फोन द्वारा पेंशनर अपनी समस्या को दर्ज कर उसका समाधान पा सके जिससे उसको अनावश्यक यात्रा से बचत हो, गोल्ड़न कार्ड योजना को और अधिक प्रभावी बनाया जाय जिससे पेंशनर्स को बेहतर स्वास्थ्य योजना का लाभ मिल सके। बैठक में रमेश कांडपाल, गोपाल राम, बहादुर सिंह नेगी, चरण सिंह बघरी, बची सिंह कार्की, प्रताप सिंह दानू, बची गिरी, शिवराज गिरी, केशर सिंह, लक्ष्मी राम, हरीशचंद पाण्डेय, मदन भौर्याल सहित अनेक पेंशनरों ने अपने विचार व्यक्त किये। संचालन नारायण सिंह गड़िया ने किया।

# गंगा प्रहरियों ने अजगर का किया रेस्क्यू गंगा नदी में छोडा

**वेलकम इंडिया**



**रामघाट**/गुरुवार को रामघाट गांव में सुबह एक अजगर सांप निकलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर गंगा प्रहरियों ने मौके पर पहुंचकर अजगर का सफल रेस्क्यू किया और उसे सुरक्षित गंगा नदी में छोड़ दिया।

गांव में अजगर को देखते ही ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल भारतीय वन्यजीव संस्थान की जलज परियोजना को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही गंगा प्रहरी नेत्रपाल और निखिल कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने काफी मशक्कत के बाद अजगर सांप को पकड़ने का अभियान चलाया। कड़ी मेहनत के बाद अजगर पर काबू पाया गया। इस दौरान सांप को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। वन विभाग अधिकारी मोहित चौधरी ने बताया कि ये सांप आमतौर पर जंगल में रहते हैं और संभवतः रास्ता भटककर गांव में घुस आया था। गंगा प्रहरियों ने अजगर सांप को पकड़ने के बाद रामघाट गंगा नदी में सुरक्षित छोड़ दिया। इस रेस्क्यू ऑपरेशन में गंगा प्रहरियों ने वन विभाग का भी सहयोग किया। इस अवसर पर खूबचंद, कपिल कुमार, कृष्ण कुमार, लोकेश केवट और जितेंद्र केवट सहित गांव के कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# न्याय पंचायत स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा 2025 का आयोजन किया



**वेलकम इंडिया**

**शिकारपुर**/न्याय पंचायत स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा 2025 के अंतर्गत गुरुवार को शिकारपुर क्षेत्र की न्याय पंचायत औरंगाबाद चांदौक की खेलकूद प्रतियोगिता चांदौक के खेल मैदान पर सम्पन्न हुई ।जिसका शुभारंभ सांसद प्रतिनिधि प्रभात शर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह, डॉ भानु रघुवंशी, के०डी०शर्मा कुतुबपुर, राजेंद्र प्रधान जखेता एवम सुषमा देवी प्रधान उपस्थित रहे ।खेल कूद प्रतियोगिताओं में दौड़, लंबी कूद,कब्बड्डी, खो खो आदि बालक/बालिका वर्ग में खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी खेल प्रतियोगिताएं क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अभिषेक त्यागी और बेसिक शिक्षा विभाग के पीटीआई की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

# ठाकुर श्री बांके बिहारी जी मन्दिर हाई पावर्ड मैनेजमेन्ट कमेटी की अष्टम बैठक हुई संपन्न



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** ठाकुर श्री बांके बिहारी जी मंदिर हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमेटी, वृन्दावन, मथुरा की अष्टम् बैठक मा० न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) मा० उच्च न्यायालय इलाहाबाद अशोक कुमार की अध्यक्षता में लक्ष्मण शहीद स्मारक भवन वृन्दावन के सभागार में संपन्न हुई। गोलक खोलने की प्रक्रिया बैठक दिनांक-07.10.2025 द्वारा पूर्व निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अक्टूबर माह तक समिति द्वारा अनुमति दी गयी थी। नवम्बर माह से गोलक खोलने की प्रकिया हेतु विचार विमर्श किया गया।

पी०एल०एन०-9 सिक्योरिटी सर्विस प्रा०लि० द्वारा वर्ष 2018 से जी०एस०टी० व आई०जी०एस०टी० की धनराशि जमा न करने के कारण कम्पनी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के सम्बन्ध में विचार विमर्श किया गया। ठाकुर श्री बांके बिहारी जी मन्दिर के प्रांगण की सुव्यवस्थित दैनिक सफाई व्यवस्था में सुधार करने हेतु प्रेसर मशीन, वैक्यूम क्लीनर, फ्लोर क्लीनिंग मशीन एवं अन्य उपकरण क्रय करने हेतु एवं उन्हें संचालित करने हेतु तकनीकी रूप से सक्षम अस्थाई कर्मचारियों की व्यवस्था पर विचार विमर्श हुआ। मन्दिर के विधिक मामलों में जवाब तैयार कराने हेतु कुशल विद्वान अधिवक्ता की नियुक्ति पर विचार विमर्श किया गया। मन्दिर कार्यालय के अभिलेखों को सुचारू रूप से व्यवस्थित करने हेतु मुख्य लेखाधिकारी एवं वरिष्ठ सहायक लेखाधिकारी की नियुक्ति हेतु विचार विमर्श किया गया। वाई०के० गुप्ता एण्ड कम्पनी चार्टर्ड एकाउण्टेंट द्वारा किये गये मन्दिर के ऑडिट कार्य की प्रगति रिपोर्ट पर विचार विमर्श किया गया। ठाकुर श्री बांके बिहारी जी मन्दिर के चबूतरे पर गेट नं0-1, 2 व 3 के पास रैन बसेरा व कमरे व दुकानों के द्वारा अतिक्रमित स्थल को खाली कराने हेतु विचार विमर्श हुआ। ठाकुर श्री बांके बिहारी जी महाराज के प्राकट् ?योत्सव के रूप में दिनांक-25.11.2025 को श्री निधिवनराज से निकाली जाने वाली भव्य शोभा यात्रा पर होने वाले व्यय एवं तैयारियों पर चर्चा हुई।

## शिक्षकों को सौंपा बीएलओ व पर्यवेक्षक का काम, विद्यालयों में पढ़ाई पर संकट

**जहांगीराबाद। (बुलंदशहर)** जनपद के प्राथमिक विद्यालयों में इन दिनों बच्चों की पढ़ाई पर गहरा संकट मंडरा रहा है। विधानसभा और पंचायत चुनाव से जुड़ी तैयारियों में शिक्षकों और शिक्षामित्रों को बीएलओ व पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। ऐसे में विद्यालयों की शिक्षण व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है। शिक्षक विद्यालयों से कार्यमुक्त होकर एसएसआर और मतदाता सूची से संबंधित कार्यों में जुटे हैं। कई स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने के लिए पर्याप्त शिक्षक ही नहीं बचे हैं। जिन विद्यालयों में कुछ शिक्षक मौजूद भी हैं, वहां भी नाममात्र की कक्षाएं चल रही हैं। अभिभावकों का कहना है कि पढ़ाई का आधा सत्र बीत चुका है, लेकिन बच्चों की पढ़ाई पटरी पर नहीं लौट रही। इसका सीधा असर उनके परीक्षा परिणामों पर पड़ेगा। कई गांवों में तो बच्चों को खाली बैठना पड़ रहा है क्योंकि शिक्षण कार्य ठप है।

## श्री राम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था अयोध्याधाम द्वारा अयोध्याधाम में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़।** जनपद के पिलखुवा में श्री राम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था अयोध्याधाम संस्था के तत्वाधान में प्रभु श्रीराम जी की पावन नगरी अयोध्याधाम में अदभुद विराट अखिल भारतीय कवि सम्मेलन अपने उच्च शिखर पर आयोजित हुआ यह कार्यक्रम उदासीन संगत ऋषि आश्रम रानोपाली अयोध्याधाम में आयोजित किया गया देश भर से 50से ज्यादा नामचीन कवियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत रामलला व मां शारदा की छवि के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके की। मां शारदा की वाणी वंदना बहुत सुंदर तरीके से राष्ट्रीय प्रभारी कवयित्री बीना गोयल ने की।कार्यक्रम अपने शिखर को छूता हुआ। को सुशोभित किया संस्था के संस्थापक अध्यक्ष देश के जाने माने साहित्यकार राष्ट्रीय कवि अशोक गोयल ,राष्ट्रीय प्रभारी कवयित्री बीना गोयल, विश्व संभ्रांत समाज के विश्व अध्यक्ष डॉ अनिल गौर जी ने।कार्यक्रम में तीन पुस्तकों का भव्य विमाचन हुआ जिनमें श्याम रसधार, मन मिलन की बेला, नेपाल दर्शन (यात्रा वृतांत), अयोध्याधाम में भव्य कार्यक्रम में वरिष्ठ अशोक गोयल को *प्रथमसम्मान विश्व संभ्रांत समाज द्वारा *राष्ट्रीय युग कवि रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया।वही दूसरा सम्मान भारत माता अभिनंदन संगठन अम्बेडकर नगर जनपद इकाई ने युगल कवि अशोक गोयल कवयित्री बीना गोयल को सर्वश्रेष्ठ युगल कवि सम्मान के रूप में युगल कवि साहित्य शिरोमणि सम्मान 2025 से सम्मानित किया।

## सार संक्षेप

### मुलायम सिंह यादव की जयंती पर सफाई कर्मचारियों का सम्मान समारोह सम्पन्न



**वेलकम इंडिया / राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में समाजवादी विचारधारा के प्रेरणास्त्रोत स्व. मुलायम सिंह यादव की जयंती के अवसर पर एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 100 से अधिक महिला सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन समाजवादी नेता आशुतोष शर्मा ने किया।आयोजन के दौरान आशुतोष शर्मा ने बताया कि हाल ही में ब्रजघाट में सम्पन्न हुए ऐतिहासिक मेले में सफाई कर्मचारियों ने दिन-रात मेहनत कर स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसी सेवाभाव को देखते हुए जयंती पर सभी सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में समाजवादी चौपाल का भी आयोजन हुआ, जिसमें पीडीए समाज सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर सफाई कर्मचारियों ने समाजवादी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को आगामी चुनाव में मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प व्यक्त किया तथा घर-घर जाकर समाजवादी विचारधारा को पहुंचाने का प्रण लिया।आयोजन समिति में आशुतोष शर्मा, अंकित भढ़ाना, विंदर कश्यप, तरुण कश्यप, अंकित कौशिक समेत अन्य समाजवादी कार्यकर्ता शामिल रहे।


### वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्किल स्याना का अर्दली रूम आयोजित



**वेलकम इंडिया/राजेन्द्र सिंह**

**स्याना. (बुलंदशहर)।** गुरुवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा सर्किल स्याना में 06 माह से अधिक लम्बित विवेचनाओं के सम्बन्ध में अर्दली रूम किया गया, जिसमें सभी थाना प्रभारियों एवं विवेचकों को विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण शीघ्रता से निस्तारण, वांछित एवं एनबीडब्लू की गिरफ्तारी के साथ-साथ समय से आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित कर प्रभावी पैरवी कर सजा के अन्तिम परिणाम तक पहुँचाने तथा 07 वर्ष के कम अवधि की सजा वाली धाराओं की विवेचनाओं का निस्तारण शीघ्र-अतिशीघ्र करने व महिला सम्बन्धी अपराधों में न्यूनतम समय में विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर सजा दिलवाने व प्रदेश भर में चलाये जा रहे अभियान ₹ऑपरेशन कन्विक्शन₹ के क्रम में अपराधियों को सजा दिलवाने में व्यक्तिगत रूचि लेकर प्रभावी पैरवी करने को भी निर्देशित किया गया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी स्याना प्रखर पाण्डेय, थाना प्रभारी स्याना, नरसेना, खानपुर व बीबीनगर मौजूद रहें।

### क्षतिग्रस्त संपर्क मार्गों पर कार्य कराने हेतु विधायक ने कराया बजट पास जल्द होगा कार्य शुरू



**बुलंदशहर।** डिबाई भाजपा विधायक चंद्रपाल सिंह लोधी ने विधानसभा क्षेत्र के गांव में 11 क्षतिग्रस्त संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य हेतु 5 करोड़ 43 लाख एक हजार रुपए उत्तर प्रदेश शासन से स्वीकृत कराए गए हैं जिसका दिसंबर माह से निर्माण कार्य शुरू किया जायेगा जनता ने खुशी जाहिर करते हुए विधायक का आभार व्यक्त किया है आपको बता दें जरगवां में मनजीतसिंह लोधी तिराहे से स्टेट बैंक की ओर 200 मीटर तथा फौजी चौराहे से रामघाट की ओर 200 मीटर व फौजी चौराहे से पेट्रोल पंप की ओर 100 मीटर आर सीसी रोड निर्माण हेतु 123. ?87 लाख रुपए स्वीकृत कराये हैं कर्णवास में किमी 5 में 3.5 आरसीसी लघु सेतु निर्माण कार्य हेतु 158.50 लाख रूपए ,गालिमपुर उमरारा संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त निर्माण हेतु 126.72 लाख, घुसराना गेल संपर्क मार्ग 2 किलोमीटर क्षतिग्रस्त निर्माण कार्य हेतु 113.16 लाख रुपए, घुसराना गेल से नगला जयरामपुर जीराजपुर संपर्क मार्ग के लिए 35.05 लाख रुपए, अलीगढ़ रामघाट कल्याण मार्ग से गंगागढ़ मौनीपुरा के मरम्मत कार्य के लिए 7.39 लाख रुपए सकूरगंज की कोठी गालिमपुर संपर्क मार्ग की।

## सरस्वती हॉस्पिटल का ऑर्थोपेडिक मेगा हेल्थ कैंप सफल दो सौ से अधिक लोगों को मिला निःशुल्क उपचार लाभ



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़।** जनपद के पिलखुवा के अनवरपुर में सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड हॉस्पिटल, अनवरपुर, हापुड़ में एक प्रभावशाली ऑर्थोपेडिक स्वास्थ्य शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया। यह कैंप मेडिकल सुपरिंटेंडेंट, डॉ. मेजर जनरल चरणजीत सिंह अहलूवालिया के निर्देशन और पर्यवेक्षण में आयोजित किया गया।कैंप का शुभारंभ सुबह 9:00 बजे हुआ और समुदाय की ओर से अत्यधिक सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई।

200 से अधिक मरीजों ने इसमें भाग लेकर निःशुल्क ऑर्थोपेडिक परामर्श, एक्स-रे तथा बोन मिनरल डेंसिटी (इटऊ) टेस्ट का लाभ लिया, जो ऑर्थोपेडिक विभाग द्वारा प्रदान किए गए। मार्केटिंग टीम द्वारा मरीजों के लिए अइऌअ कऊ निर्माण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई, जिससे डिजिटल हेल्थ सेवाओं तक उनकी पहुंच और बेहतर उपचार निरंतरता सुनिश्चित हुई। आर्थराइटिस, घुटने और कूल्हे के दर्द, तथा ऑस्टियोपोरोसिस जैसे विभिन्न मामलों का मूल्यांकन किया गया और आवश्यक चिकित्सीय सलाह दी गई।कैंप के मेडिकल संचालन का सफल पर्यवेक्षण डॉ. हर्ष प्रताप सिसोदिया (डिप्टी मेडिकल सुपरिंटेंडेंट), डॉ. आर. एल. साहू (ऌडऊ ऑर्थोपेडिक्स), डॉ. राजेश भाटिया, डॉ. अमृत सिंह, डॉ. पवन और डॉ. अंकित द्वारा किया गया। मार्केटिंग मैनेजर डॉ. मनोज गोयल ने संपूर्ण योजना, समन्वय और ऑन-ग्राउंड ऌिू४३ल्ल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे पंजीकरण से लेकर सेवा वितरण तक सभी प्रक्रियाएँ संस्थागत प्रोटोकॉल के अनुरूप सुचारू रूप से संचालित हुईं।

## ठंड की दस्तक के साथ गजक-रेवड़ी का बाजार चमका

**जहांगीराबाद ।(बुलंदशहर)** ठंड की शुरूआत होते ही जहांगीराबाद के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। पुख्ता बाजार, लाल कुआं, सब्जी मंडी चौराहा और गांधी चौक सहित पूरे नगर में गजक, रेवड़ी, मूंगफली और तिल के लड्डू बेचने वालों की दुकानें सज गई हैं। सुबह से शाम तक इन दुकानों पर ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़ देखी जा रही है। गली-मोहल्लों में लगे गजक के ठेलों पर भी खरीदारों की लगातार आवाजाही बनी हुई है। दुकानदारों ने बताया। कि ठंड बढ़ते ही गजक और रेवड़ी की मांग कई गुना बढ़ गई है। गजक की खुशबू और स्वाद लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। बाजार में सादी गजक, मावे वाली, इलायची वाली, ड्राई फ्रूट, चॉकलेट गजक, तिलपट्टी, मूंगफली गजक और गुड़ वाली गजक की बिक्री तेजी से हो रही है।


## रेजंगला राज कलश यात्रा को विश्व की सबसे बड़ी यात्रा का खिताब

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** अखिल भारतवर्ष यादव महासभा के तत्वावधान में 13 अप्रैल 2025 को छपरा बिहार से शुरू हुई 1962 के चीन युद्ध के शहीद वीर अहीर सैनिकों (रेजंगला के अहीर सैनिकों की) कलश यात्रा का 18 नवंबर को दिल्ली में जंतर-मंतर पर श्रद्धांजलि समारोह में समापन हो गया। इस अवसर पर आयोजकों को दो सबसे बड़ी यात्रा के पुरस्कार प्रदान किए गए। करीब 18 राज्यों से होकर गुजरी इस यात्रा ने शहीदों के रज कलश को लेकर 51 हजार किलोमीटर की यात्रा का रिकॉर्ड बनाया। ग्रेट इंडियन बुक ऑफ रिकाड्र्स एवं द आइडियल इंडियन बुक का रिकॉड्र्स से प्रमाण पत्र देकर आयोजकों को सम्मानित किया गया।

समारोह के संयोजक दिनेश यादव ने सभी प्रदेश संयोजक प्रभारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा हमें उन लोगों को धन्यवाद देना चाहिए जिन्हें पदाधिकारी जानते तक नहीं थे। मैं उस व्यक्ति को धन्यवाद देना चाहूंगा जिनके पास हम पहुंच नहीं पाए और वह लोगों को यात्रा के प्रति अपने आप जागरूकता में लगे रहे और बढ़ चढ़कर यात्रा में हिस्सा लिया। यात्रा ने तभी एक नया इतिहास रचा। सैनिकों के सम्मान में दिन-रात लगे ऐसे लोगों का बार-बार में आभार व्यक्त करता हूं। यात्रा के लिए किलोमीटर के हिसाब से विश्व की सबसे बड़ी यात्रा का अवार्ड महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. स्वप्न कुमार घोष के गले में धारण कराया। तत्पश्चात महासभा शताब्दी समारोह के अध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह यादव ने युवा राष्ट्रीय ओजस्वी कवि मनवीर मधुर मथुरा को कविता पाठ के लिए आमंत्रित किया। इसी श्रृंखला में फिल्म प्रोड्यूसर गायक रवि यादव के नमन-नमन सौ बार नमन ,यादव वीरों तुम्हें नमन, वीर अहीरों गाथा भोले गीत को गाने को कहा। इन दोनों युवाओं ने जंतर मंतर पर मौजूद श्रद्धांजलि सभा में लोगों को झूमने ,नृत्य करने पर मजबूर कर दिया।

## समाज सेवक जदयू पार्टी राजनीतिक सलाहकार समिति सदस्य ओंकार यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई दी



**वेलकम इंडिया**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में 202 सीटें लाने वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के लिए आज ऐतिहासिक दिन है। गांधी मैदान में नीतीश कुमार ने 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

.सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा फिर से डिप्टी सीएम बनाए गए। मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कई केंद्रीय मंत्रियों समेत एनडीए के सभी घटकों के प्रमुखों, एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और बड़े नेता मौजूद रहे।

वही नालंदा के नव निर्वाचित विधायक श्रवण कुमार को एक बार भी नीतीश कुमार की मंत्री मंडल में शामिल किए जाने पर बांका जिला के प्रसिद्ध समाज सेवक जदयू पार्टी राजनीतिक सलाहकार समिति सदस्य ओंकार यादव ने खास अंदाज में विशाल फूलों का माला पहनाकर बधाई दी, जमुई जिला के नव निर्वाचित बीजेपी विधायिका श्रेयसी सिंह को भी बधाई दी।

बांका जिला में पांचों सीट ठऊअ की जीत निश्चित करने में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले ओंकार यादव ने कहा बिहार में ठऊअ की सरकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा बिहार में विकास का अध्याय लिखा जायेगा वही बांका में रोजगार पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।

ओंकार यादव पिछले 30 वर्षों से लगातार समाज के लिए बेहतर काम करते आ रहे है सामाजिक कार्य में हमेशा आगे रहते है, अपने आवास इनाराबरन में हर दिन जनता दरबार में लोगो की समस्या सुनते है और उसका तुरंत समाधान भी करते है।

## केएम विवि में डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल ने किया प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय के 6 विद्यार्थियों को मैनेजमेंट ट्रेनी - पेड इंटर्नशिप भूमिका के लिए चुन लिया गया है। डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल ने केएमयू के एमबीए उम्मीदवारों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया। उपस्थित सभी छात्रों ने आत्मविश्वास से प्रदर्शन किया और पूरी प्रक्रिया के दौरान मजबूत संचार, ज्ञान और व्यावसायिकता का प्रदर्शन किया।

ड्राइव में एक दर्जन से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं प्रशासन ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनकी मेहनत, पढाई के प्रति गंभीरता और लगन की सराहना की है। इन सभी बच्चों को कंपनी ने नौकरी के लिए चुना है। इस प्लेसमेंट ड्राइव जिनका चयन नहीं हुआ, हम उनके प्रयासों की भी सराहना करते है, इस प्लेसमेंट से छात्र-छात्राओं को बहुमूल्य सीख मिली है, आगामी प्लेसमेंट ड्राइव में यह विद्यार्थी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

कुलसचिव डा. पूरन सिंह ने चयनित छात्राओं को उनके प्लेसमेंट पर बधाई देते हुए कहा कि अपने ज्ञान और कौशल से नियोक्ता कंपनी के विकास में अपना सारा श्रम समर्पित करें। कंपनी की प्रगति ही आपके यश में वृद्धि करेगी। केएम विश्वविद्यालय की कौशल और नवाचार से ओतप्रोत शिक्षा का ही यह प्रभाव है कि विवि के विद्यार्थियों को कम्पनियां हाथों हाथ प्लेसमेंट दे रही है। इस मौके पर विवि के रजिस्ट्रार ने डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल प्रबंधन के सदस्यों का पटुका और श्रीकृष्ण तस्वीर देकर स्वागत किया।

इस अवसर पर पीडीपी एंड फैकल्टी आफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के असिटेंट प्रोफेसर राजन पाढ़ी, असिटेंट प्रोफेसर डा. पायल, डा. प्रशांत कुमार ने डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल टीम के सीपी मैसी, मिस निशा स्वागत और धन्यवाद देते हुए चयनित छात्राओं से कहा सीखते रहें, बढते रहें और अपने अगले बडे अवसर के लिए तैयार रहें।

## मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में हुआ चतुर्थ मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिये गये निदेशी के अनुपालन में बुधवार को मण्डलायुक्त महोदय, आगरा की अध्यक्षता में चतुर्थ मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन आयुक्त सभागार, आगरा में किया गया। आयुक्त महोदय ने जनपद मथुरा में हो रही सड़क दुर्घटनाओं के प्रति दुख प्रकट किया, उन्होने जनपदीय सड़क सुरक्षा संबंधी समस्त स्टेक होल्डरो को यह निर्देश किया है कि मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत की कमी लायी जाये।

आयुक्त महोदय द्वारा जनपद के एआरटीओ को निर्देशति किया गया कि केन्द्र सरकार द्वारा सड़क दुर्घटना होने की स्थिति में राहवीर योजना के संबंध में पूरे जनपद में प्रचार प्रसार किया जाये एवं जिला युवा कलयाण अधिकारी द्वारा जनपद में सड़क सुरक्षा मित्रों का चयन शीघ्र किया जाये।

उक्त योजना के अनुसार यदि गंभीर दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को 01 घंटे के अंदर नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जाये तथा उस व्यक्ति की जान बचती है तो बचाने वाले व्यक्ति को प्रशंसा पत्र के साथ-साथ रू0 25000 की धनराशि उनके खाते में हस्तांतरित की जायेगी। एआरटीओ राजेश राजपूत एवं एआरटीओ नीतू सिंह द्वारा जनपद के समस्त कार्यालय अध्यक्षों से अपील की जाती है कि वे अपने कार्यालय में आने वाले सभी कार्मिकों/अधिकारियों/आगुंतको को दो पहिया वाहन पर बिना हेल्मेट के कार्यालय में प्रवेश की अनुमति न दें। आगामी शीत ऋत / कोहरे को देखते हुए एआरटीओ ने जनपद के समस्त बस/ट्रक / टैक्सी आपरेटरो से अपील की जाती है कि अपने वाहनों में मार्ग पर जाने से पूर्व वाइपर, हेड लाइट, बैक लाइट, इंडिकेटर, क्लच सिस्टम, स्टेरियंग सिस्टम, बिना रेडियम पट्टी वाहन को मार्ग पर संचालित न करें।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 27 को कलेक्ट्रेट सभागार में

मथुरा। मथुरा में जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक दिनांक-27.11.2025 अपरान्ह समय 12.30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजन किया जायेगा। उक्त बैठक में सेव लाइफ फाउंडेशन, दिल्ली द्वारा जनपद में हो रही दुर्घटनाओं के संबंध में किये गये विशलेषण के क्रम में तैयार किये गये जनपदीय एक्शन प्लान को प्रस्तुत किया जायेगा, जिससे जनपद में हो रही 50 प्रतिशत की कमी लायी जा सके। अतः जनपद के समस्त स्वंय सेवी संस्थान / एन०जी०ओ / शिक्षण संस्थानों के एमडी / प्रतिनिधियों से अपील की जाती है कि उक्त बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

## सरकारी चिकित्सा संस्थाओं में मनाया गया निः क्षय दिवस

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़।** जनपद में समस्त भारत में प्रत्येक माह की 15 तारीख को निः क्षय दिवस सभी चिकित्सा संस्थानों में मनाया जाता है इसी कार्यक्रम के अंतर्गत आज निःक्षय दिवस जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवम् आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों पर मनाया गया नि : क्षय दिवस के अवसर पर मेरिनो कंपनी द्वारा प्रायोजित श्री प्रेमचंद लोहिया मेमोरियल ट्रस्ट तथा जिला क्षय रोग विभाग के संयुक्त उपक्रम के अंतर्गत गांव पुट्ठा हुसैनपुर हापुड़ में क्षय रोगियों के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर के दौरान कुल 133.मरीजों को चिकित्सा परीक्षण का लाभ मिला इन मरीजों में से 12.मरीजों की बलगम की जांच कराई गई और 5 मरीजों को एक्सरे के लिए जिला सयुक्त चिकित्सालय हापुड़ रैफर किया गया 51मरीजों की ब्लड शुगर की जांच की गई , श्री प्रेमचंद लोहिया मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा अब तक निःक्षय दिवस के अवसर पर 31.चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया है शिविर में स्वास्थ्य विभाग से जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह के द्वारा उपस्थित मरीजों को निःश्रय दिवस के बारे में जानकारी दी गई और बताया कि टी0बी 0मरीजों को टी0 बी 0की दवाओं का कोर्स पूरा करना अति आवश्यक है और इसे बीच में नहीं छोड़नी चाहिए इस अवसर पर जिला पी 0पी0 एम0 कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी ने बताया कि सन 2025 तक भारत को टी 0बी0 मुक्त कराने में मेरिनो कंपनी का यह प्रयास सराहनीय है ।

# मणिकर्णिका विमेन्स क्लब ने मैस्करेड थीम पर किया रंगारंग आयोजन



वेलकम इंडिया

**झाँसी।** मणिकर्णिका विमेन्स क्लब द्वारा सोमवार को मिकासा होटल में रंगारंग मैस्करेड थीम पर भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट सपना सरावगी तथा वर्तमान प्रेसीडेंट ओमनी राय की अगुवाई में सदस्यों ने शानदार उत्साह के साथ भाग लिया। क्लब की वाइस प्रेसिडेंट नूपुर अग्रवाल, ट्रेजरर तमन्ना राय, सेक्रेटरी संयुक्ता शर्मा, प्रोग्राम डायरेक्टर मॉनिका कोचर एवं डॉ. फैरी चंदेल ने थीम आधारित कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम की शोभा बढ़ाती हुई क्लब की सीनियर मेंबर और पास्ट प्रेसिडेंट नेहा तिवारी, अंजली अग्रवाल, दर्शना सोनी सहित सभी मेंबर्स ने मुखौटा पहनकर आकर्षक अंदाज में रैंप वॉक और गतिविधियों में हिस्सा लिया। इस अवसर पर नेहा राय, प्रेरणा सहलानी, प्रीति साहू, पूनम अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, श्वेता जैन, नीलू नरवानी, नीलम, ज्योत्सना, पूनम गुप्ता, वंदना, रूपम शर्मा, रस्मी अग्रवाल, स्वेला खान, स्वाति गुप्ता, टीना अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति ने आयोजन को खास बना दिया। पूरे कार्यक्रम में संगीत, नृत्य और मनोरंजक गतिविधियों ने महिलाओं को आकर्षित किया। मणिकर्णिका विमेन्स क्लब के इस आयोजन ने समाज में महिला सशक्तिकरण और एकजुटता का संदेश दिया।

## पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के मामले में अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी धनघटा अभयनाथ मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में थाना धनघटा प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश दूबे, वरि0उ0नि0 राजेश कुमार दूबे, का0 मुन्नेलाल गुप्ता, का0 सत्यम सिंह द्वितीय व का0 रजनीश यादव ने मु0अ0सं0 593/25 धारा 64(1),351(3) बी0एन0एस0 व 4 पाक्सो एक्ट थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर के मामले में वांछित अभियुक्त नाम पता बलवीर पुत्र सन्तराम ग्राम चपरापूर्वी थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर को आज दिनाँक 20.11.2025 को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया । विदित हो कि दिनाँक 19.11.2025 को वादिनी द्वारा थाना धनघटा पर बावत उक्त अभियुक्त के विरुद्ध वादिनी की नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था ।

# जेएमएस वर्ल्ड स्कूल ने रचा इतिहास बना हापुड़ का नंबर वन स्कूल



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** जेएमएस वर्ल्ड स्कूल, हापुड़ ने खेल जगत में नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए स्वयं को जनपद का नंबर वन स्कूल साबित कर दिया है। स्कूल ने सीबीएसई की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया।चार खेलों में मेडल, हापुड़ का पहला स्कूल बना स्कूल के स्पोर्ट्स ऑफिसर श्री दीपांशु गर्ग ने बताया कि जेएमएस वर्ल्ड स्कूल हापुड़ का एकमात्र स्कूल है जिसने सीबीएसई की चार प्रमुख प्रतियोगिताओंक्रिकेट, वॉलीबॉल, खो-खो और शूटिंग—में मेडल जीतकर नया रिकॉर्ड बनाया है।मुख्य उपलब्धियाँक्रिकेट (अंडर-17, बालक वर्ग):छात्र हर्षित तोमर ने जोन-1 में गोल्ड मेडल जीतकर नेशनल के लिए क्वालीफाई किया, जहाँ उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल भी हासिल किया।वॉलीबॉल (अंडर-14, बालक वर्ग):टीम ने सिल्वर मेडल अर्जित किया।खो-खो:अंडर-14 (बालिका वर्ग): सिल्वर मेडलअंडर-19 (बालिका वर्ग): ब्रॉन्ज मेडलशूटिंग (अंडर-14, बालक वर्ग):खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल जीतकर नेशनल में प्रवेश सुनिश्चित किया।खिलाड़ियों को सम्मान और स्कॉलरशिप की घोषणा इस ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में स्कूल प्रबंधन ने विजेता खिलाड़ियों का भव्य सम्मान किया।मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. आयुष सिंघल और प्रधानाचार्य डॉ. निधि मलिक ने खिलाड़ियों को मेडल, ट्रॉफी, टी-शर्ट और ट्रैक सूट प्रदान किए।साथ ही खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए स्कॉलरशिप देने की घोषणा भी की गई, जिससे वे विद्यालय, जनपद हापुड़ और देश का नाम और भी रोशन कर सकें।

## सार संक्षेप

### मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने युवक को बम के साथ पकड़ा

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ़।** मुखबिर की सूचना पर जनपद की लीलापुर पुलिस ने एक युवक को चार देशी बम के साथ गिरफ्तार करने मे सफलता पायी। बताया जाता है कि गिरफ्तार युवक गौमास का काट कर बेचने का भी व्यापार करता है। जनपद की लीलापुर पुलिस रूटीन अनुसार वाहनो की चेकिग मे व्यस्त थी कि इसी दौराना थाने के एस ओ मनोज कुमार पाण्डेय का फोन बजने लगा ।थानेदार को फोन पर मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक देशी बमो के साथ मौजूद है ।जिस ओर तत्काल थानेदार मनोज पाण्डेय ने क्षेत्रीय दरोगा शिशिर पटेल को टीम के साथ गिरफ्तारी की जिम्मेदारी दी ।शिशिर पटेल ने बिना देर किए अपनी टीम के साथ अपराधी को पकडने के लिए सूचना स्थल का रूख किया और चार देशी बम के साथ सैनूद्दीन नाम के युवक को पकड लिया । जिसने पूछताछ मे बताया कि वो गौमास काट कर बेचता है और यही उसकी कमाई का जरिया है। वही एक अन्य घटना मे पल्सर बाइक से दो अपराधी का पीछा करते लीलापुर थाने की बाबूगज चौकी के एक कान्सटेबल लालगन्ज थाबे के गाव पूरे निर्मल गिरधर मे रास्ते की नाली मे बाइक जे उछलने से बगल के खेत मे उछल कर गिर गये जिससे पल्सर सवार दोनो अपराधी लोनी नदी की तरफ भागने मे कामयाब रहे। जबकि कान्सटेबल मामूली रूप से घायल हुआ है ।

### थाना बहादुरगढ़ का त्रैमासिक निरीक्षण सम्पन्न



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्राधिकार द्वारा थाना बहादुरगढ़ का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर के विभिन्न महत्वपूर्ण अनुभागों—थाना कार्यालय के अभिलेख, अपराध रजिस्टर, कम्प्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, बैरक, मालखाना, शस्त्रागार एवं बंदीगृह का विस्तार से अवलोकन किया।उन्होंने अभिलेखों के रखरखाव, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई एवं कार्यप्रणाली की बारीकी से समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। क्षेत्राधिकारी ने यह भी कहा कि बेहतर कानून-व्यवस्था एवं त्वरित पुलिस सेवा के लिए सभी अनुभागों का सुव्यवस्थित होना अनिवार्य है।निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

### झांसी मनस्विनी द्वारा रानी को दीप जलाकर श्रद्धांजलि



**झांसी।** झांसी मनस्विनी द्वारा परमानंद चौराहा जेल चौराहे पर दीपांजलि देकर रानी को श्रद्धा पूर्वक नमन किया गया ।कार्यक्रम में चार्टर अध्यक्ष रजनी गुप्ता सचिव निधि नगरिया संयोगिता सेन अर्चना गुप्ता रजनी सेठ शकुन गुप्ता रजनी वर्मा इत्यादि शामिल हुए। रानी के चित्र पर माल्यार्पण कर सभी ने रानी के नाम के नारे लगाए तथा दीप प्रज्वलन कर चौराहे पर प्रतिमा के आसपास दीपक जलाकर रानी को नमन किया गया। रजनी गुप्ता ने कहा पूरे विश्व में झांसी की पहचान रानी लक्ष्मीबाई से है, उनकी वीरता से है, साहस और शौर्य से है। आज उनका हृदय से उनकी जयंती पर हार्दिक नमन करते हैं। परमानंद चौराहे पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात सभी सदस्यों ने रानी लक्ष्मीबाई पार्क में मूर्ति के पास जाकर भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बहुउद्देशीय साधन सहकारी समिति पिंगलों का गठन



वेलकम इंडिया

**गरुड़,दिनेश नेगी।** गरुड़ ब्लॉक के साधन सहकारी समितियो का चुनाव सम्पन्न हो गया है।जिसमें भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओ को समिति की जिम्मेदारी मिली है। साधन सहकारी समितियो के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता,इंद्र सिंह बिष्ट, मंगल राणा, दिगपाल सिंह भंडारी को उनकी कार्यशैली और कुशलता को देखते हुए निर्विरोध पिंगलो, गरुड़,डगोली साधन सहकारी समिति का अध्यक्ष चुना गया है।

उपाध्यक्ष निर्विरोध ठाकुर महेश सिंह को चुना गया है। डंगोली साधन सहकारी समिति अध्यक्ष पद निर्विरोध दिगपाल सिंह भंडारी, बचे सिंह को उपाध्यक्ष चुना गया। गरुड़ साधन सहकारी समिति चुनाव में मंगल राणा को अध्यक्ष, भूपाल सिंह बोरा को उपाध्यक्ष बनाया गया। तीनों समितियों में अध्यक्ष,उपाध्यक्ष निर्विरोध चुने जाने पर ब्लॉक प्रमुख किशन बोरा ने खुशी जताई। कहा कि इन समितियों से गरुड़ ब्लॉक के काश्तकारों को लाभ मिलेगा ।

उनकी आजीविका में वृद्धि होगी। तीनों नव निर्वाचित अध्यक्षों ने किसानों के साथ सहकारी समितियो की आय में वृद्धि करने की बात कही।

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री घनश्याम जोशी, भुवन आर्य, सुरेश खडायत, भुवन जोशी, हेम रावत, मण्डल अध्यक्ष कंधार दिनेश बिष्ट, मण्डल अध्यक्ष गरुड़ सुनील दोसाद, नरेश बिष्ट, चन्दन बोरा, जिला पंचायत सदस्य दुदीला जर्नादन लोहनी, सहित भाजपा कार्यकताओं ने खुशी जताई।

# एसआईआर को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने न्याय पंचायत अध्यक्षों के साथ की बैठक



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण चंद्र पाण्डेय ने बृहस्पतिवार को सेमरियावां ब्लाक कांग्रेस कार्यालय पर न्याय पंचायत अध्यक्षों के साथ बैठक की।

इस दौरान उन्होंने न्याय पंचायत अध्यक्षों को हर बूथ पर मजबूत बीएलओ नियुक्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि किसी बूथ पर बीएलओ द्वारा एसआईआर का फार्म उपलब्ध नहीं कराया गया है तो इसकी सूचना उन्हें दी जाय। एसआईआर का फार्म सही सही भरने मे सहयोग करें। किसी भी बूथ पर मतदाता का नाम छूटना नहीं चाहिए।

बैठक की अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष मुहम्मद अकरम नजीर ने किया। बैठक को जिला उपाध्यक्ष हाजी मुहम्मद नजीर, सुनील पाण्डेय ने भी संबोधित किए।

बैठक में नजीर अहमद, मुहम्मद कलीम, मुहम्मद परवेज अख्तर, मुहम्मद तव्वाब, मुश्ताक अली, नजरूल हसन, बदरूद्दीन, अब्दुल कलाम, बदरूद्दोजा, मुहम्मद शहबाज, मुहम्मद अली आदि मौजूद रहे।

## बंद कमरे में युवती संग डॉक्टर का डांस वीडियो वायरल

**कांधला।** कस्बे के सरकारी अस्पताल में तैनात डॉक्टर का युवती के साथ बंद कमरे में डांस करते हुए वीडियो वायरल होने के बाद अस्पताल प्रशासन हरकत में आ गया है। चिकित्सा प्रभारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। वायरल वीडियो के बाद डॉक्टर को इमरजेंसी ड्यूटी से तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है, साथ ही उसे आवंटित रहने का कमरा भी खाली करा दिया गया है। मामले की विस्तृत रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है।कस्बे के सरकारी अस्पताल में लंबे समय से डॉक्टरों की कमी बनी हुई थी।इसी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने बीते महीनों में कई डॉक्टरों को दो साल के अनुबंध पर अस्पताल में तैनात किया था। इन्हीं में डॉक्टर वकार सिद्दीकी को इमरजेंसी वार्ड की जिम्मेदारी सौंपी गई थी और उनके लिए अस्पताल की ऊपरी मंजिल पर रहने हेतु एक सरकारी कमरा उपलब्ध कराया गया था। गत बुधवार को डॉक्टर वकार सिद्दीकी का एक युवती के साथ बंद कमरे में डांस करते हुए वीडियो अचानक सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद मामला तेजी से चर्चा में आ गया। घटना को लेकर कस्बे में तरह,तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आने लगीं। वीडियो वायरल होने पर चिकित्सा प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने तुरंत संज्ञान लेते हुए डॉक्टर से स्पष्टीकरण मांगा था। लेकिन डॉक्टर द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं देने पर गुरुवार को कार्रवाई सुनिश्चित की गई।चिकित्सा प्रभारी ने न सिर्फ डॉक्टर को इमरजेंसी ड्यूटी से हटाया, बल्कि उसे अस्पताल का कमरा भी तत्काल खाली करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पूरे प्रकरण की रिपोर्ट तैयार कर स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है, ताकि आगे की विभागीय कार्रवाई की जा सके। अस्पताल में इस घटना को लेकर चचाओं का बाजार गरम है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक सम्पन्न



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 13 दिसंबर 2025 (शनिवार) को सफलतापूर्वक आयोजित किए जाने के उद्देश्य से आज दिनांक 20 नवंबर 2025 को अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश हापुड़ अजय कुमार सिंह प्रथम की अध्यक्षता में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।बैठक का संचालन अपर जिला जज/नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत हनी गोयल द्वारा किया गया। उन्होंने सभी प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रशासन से संबंधित अधिक से अधिक वादों का निस्तारण प्री-लिटिगेशन स्तर पर सुनिश्चित किया जाए, जिससे जनता को तत्काल और प्रभावी न्याय प्रदान किया जा सके।बैठक में उपजिलाधिकारी रमेश चन्द्र पाण्डेय, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश गुप्ता सहित जनपद के अन्य समस्त प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्मार्ट मीटर को लेकर फिर भड़का विवाद विरोध के बीच खाली हाथ लौटी विद्युत टीम



वेलकम इंडिया

**लखीमपुर खीरी।** कस्बा खीरी में स्मार्ट मीटर को लेकर चल रहा विवाद एक बार फिर उभर आया, जब गुरुवार को मोहल्ला शेख सराय में दूसरी बार मीटर बदलने पहुँची विद्युत विभाग की टीम को भारी विरोध का सामना करना पड़ा।

अधिशासी अभियंता, एसडीओ अनिल कुमार चौरसिया, जेई विमल रावत समस्त स्टाफ व पुलिस बल के साथ पहुँची टीम के खिलाफ लोगों ने बगैर अनुमति जबरन मीटर लगाने का आरोप लगाते हुए तीखी आपत्ति जताई, जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। विवाद बढ़ने पर दरगाह परिसर में बैठक बुलाई गई, जिसमें अंजुमन इस्लामिया सदर सैय्यद मुमताज मियां, खीरी नगर पंचायत चेयरपर्सन प्रतिनिधि फहीम अहमद, नगर पंचायत सदस्यों सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। करीब एक घंटे तक चली वार्ता में लोगों ने स्पष्ट कहा कि वे स्मार्ट मीटर के खिलाफ हैं और इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेंगे।

चेयरपर्सन प्रतिनिधि भाई मेहमान ने बताया कि वर्तमान में एस.ए.आर. प्रपत्र भरने का कार्य चल रहा है। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही स्मार्ट मीटर के मुद्दे पर आगे चर्चा होगी। फिलहाल जनता मीटर बदलने के पक्ष में नहीं है। स्थानीय विरोध और बढ़ते तनाव को देखते हुए विद्युत विभाग और पुलिस टीम को मीटर बदले बिना ही लौटना पड़ा। कस्बे में स्मार्ट मीटर को लेकर टकराव लगातार गहराता जा रहा है।

# कस्बा खीरी में एस.आई.आर. फॉर्म भरवाने की मुहिम तेज, जोशी टोला में लगा विशेष कैंप

वेलकम इंडिया



**लखीमपुर खीरी।** कस्बा खीरी में एस.आई.आर. प्रपत्र भरने का अभियान लगातार तेजी पकड़ता जा रहा है। मोहल्लों में घरझघर जाकर फॉर्म वितरित किए जा रहे हैं और लोगों को उन्हें सही तरीके से भरने की जानकारी दी जा रही है।इसी क्रम में जोशी टोला वार्ड के वार्ड सदस्य इशरत अली गौरी अपने वार्ड में पूरी मुस्तैदी के साथ जुटे हुए हैं।

बीएलओ जगदीश प्रसाद के सहयोग से वे न सिर्फ प्रपत्र बाँट रहे हैं, बल्कि लोगों को एक-एक कॉलम भरने का तरीका भी विस्तार से बता रहे हैं। वार्ड सदस्य द्वारा पुराने रिकॉर्ड खंगालते हुए उन लोगों के नाम भी खोजे जा रहे हैं, जिनका विवरण सन 2003 की मतदाता सूची में दर्ज था। साथ ही नए वोटरों की पहचान कर वार्ड के लोगों को अधिकतम सहूलियत दी जा रही है, ताकि किसी पात्र व्यक्ति का नाम न छूटे।

लोगों की सुविधा के लिए जोशी टोला वार्ड में विशेष कैंप भी लगाया गया है, जहां फॉर्म भरने में दिक्कत होने पर लोग पहुंचकर आसानी से अपना प्रपत्र भरवा रहे हैं।इसके अलावा कस्बा खीरी के अन्य वार्डों में भी बीएलओ और वार्ड सदस्य पूरी दमखम के साथ लगे हुए हैं। अलग-अलग वार्डों में नासिर सहित टीम के लोग घर घर जाकर प्रपत्र बाँट रहे हैं और उन्हें भरने का सही तरीका भी समझा रहे हैं, जिससे फॉर्म में किसी प्रकार की त्रुटि न रहे।पूरे कस्बे में चल रही यह मुहिम मतदाता सूची के शुद्धिकरण और सभी पात्र मतदाताओं के नाम शामिल कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# वेतन, बोनस व मंहगाई भत्ते का समय से भुगतान नही हो रहा है : संजय द्विवेदी

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक मौलाना आजाद इंटर कॉलेज खलीलाबाद में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महेश राम हुआ संचालन जिला मंत्री गिरिजानंद यादव ने किया। प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने कहा कि वेतन, बोनस व मंहगाई भत्ते का समय से भुगतान नही हो रहा हैं। छः माह से अधिक समय हो गया है एनपीएस अपडेट नहीं किया गया है। शिक्षक समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल जिला विद्यालय निरीक्षक से मिलेगा।

जिला अध्यक्ष महेश राम ने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार अनेक विद्यालय समय से वेतन बिल, डीए बिल व महंगाई भत्ते का बिल भुगतान हेतु प्रस्तुत नहीं कर रहे हैं। जिसके कारण कठिनाई हो रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षक समय से भुगतान संबंधी बिल जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में उपलब्ध करा दे। प्रहलाद राय बालिका इंटर कॉलेज की लीला बरनवाल व हरिहरपुर इंटर कॉलेज के दीप्तिमान के सामूहिक जीवन बीमा का भुगतान नहीं हो रहा है।

जिला मंत्री गिरिजानंद यादव ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए तीनों तहसीलों के विद्यालयों में भ्रमण किया जाएगा। धनघटा हुआ मेहताबुल तहसील में संगठन की जल्दी ही बैठक आयोजित होगी। शिक्षक निर्वाचन के लिए 1300 से अधिक मतदाताओं की सूची तैयार की गई है।

# विधान परिषद की नियम पुनरीक्षण समिति की हुई बैठक

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** विधान परिषद की नियम पुनरीक्षण समिति की उच्चस्तरीय बैठक सर्किट हाउस सभागार में समिति के कार्यवाहक सभापति हरिओम पांडेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में सर्वप्रथम विकास प्राधिकरण से जुड़े प्रश्नों को लिया गया जिसमें एचएफएल, सार्वजनिक शौचालय शामिल थे जिसका जवाब सचिव विकास द्वारा दिया गया जिसमें उन्होंने बताया कि एचएफएल के 200 मीटर दायरे में मरम्मत कार्य की अनुमति शासन से अब अनुमोदित हो चुकी है। नगर निगम को अपने शिलान्यास/लोकार्पण कार्यक्रमों में विधान परिषद सदस्यों के नाम शामिल करने को कहा गया सीएमओ द्वारा बताया गया कि सभी सीएचसी पीएचसी पर डॉक्टरों की पर्याप्त उपलब्धता है तथा जिला स्तर पर 24 डायलिसिस बेड लगातार संचालित हैं तथा टीबी मुक्त हेतु पीरामल ग्रुप के साथ लगातार कार्य किए जा रहे हैं सदस्यों द्वारा जिला पंचायत की कार्यप्रणाली से नाराजगी जाहिर करते हुए सुधार की अपेक्षा की गयी।

समाज कल्याण द्वारा बताया गया कि अनुसूचित जाति के बच्चों हेतु दो छात्रावास काशी विद्यापीठ तथा आशापुर में संचालित है तथा इस वर्ष 396 लोगों के सामूहिक विवाह कराए गए हैं तथा छात्रों के छात्रवृत्ति भी दी जा रही है सभापति द्वारा डीआईओएस से प्रोजेक्ट अलंकार, राजकीय विद्यालयों में मिनी स्टेडियम, सेवानिवृत्त शिक्षकों के पेंशन समेत विभिन्न प्रश्नों की जानकरियां ली गयी विद्युत विभाग के चीफ इंजीनियर द्वारा बताया गया कि जिले में कुल 30027 ट्रांसफार्मर हैं जिसमें 332 की क्षमता वृद्धि की जा चुकी है तथा 1200 नए ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि या बदलाव का भी पूरा प्लान तैयार हो चुका है जिसको शीघ्र पूरा किया जायेगा सिटी ट्रांसपोर्ट द्वारा बताया गया कि कुल 50 इलेक्ट्रिक बसे संचालित हैं तथा 100 नयी बसों की डिमांड भेजी गयी हैं बैठक से यूपीसीडा के अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी से उनसे स्पष्टीकरण लेने हेतु निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी वाराणसी सत्येंद्र कुमार द्वारा समिति को बताया गया कि सरकार के प्रयास से धार्मिक नगरी वाराणसी मेडिकल हब के रूप में विकसित हो रहा है जिसमें वर्तमान में पांच सरकारी तथा एक निजी मेडिकल कॉलेज संचालित है तथा पर्यटन के रूप में भी वाराणसी नए कीर्तिमान गढ़ रहा है पिछले 12 वर्षों में लगभग 52000 करोड़ के विकास कार्य किए गए हैं जिलाधिकारी ने समिति के निर्देशों को अनुपालन कराने हेतु भी अवगत कराया सभापति द्वारा जिलाधिकारी वाराणसी तथा पूरी प्रशासनिक टीम की प्रशंसा भी की गयी बैठक में सभापति हरिओम पांडेय ने बताया कि समिति की बैठक का मुख्य उद्देश्य विधान परिषद की कार्यप्रणाली से जुड़े नियमों,विनियमों और उपनियमों के संशोधन, अद्यतन और सरलीकरण पर विचार करना है उन्होंने कहा कि पारदर्शिता,प्रभावशीलता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रक्रियाओं का समय-समय पर पुनरीक्षण जरूरी है।

समिति द्वारा प्राप्त सुझावों और अनुशंसाओं को आगामी सत्र में परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा बैठक के दौरान वाराणसी और चंदौली जिलों के विभिन्न विभागों पुलिस, राजस्व,समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, आबकारी, वन, पशुपालन, मत्स्य आदि द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदनों की जिलेवार समीक्षा की गई।

# अमेरिका से आयी कुसुम माताजी ने एलबीएम में किया व्यायाम प्रशिक्षण का अवलोकन

**वेलकम इंडिया**



**झांसी।** विचार क्रांति अभियान गायत्री युग निर्माण योजना की प्रभारी अमेरिका गायत्री शक्ति पीठ की ट्रस्टी उच्च साधिका माताजी श्रीमती कुसुम परम वंदनीय माताजी की जन्म शताब्दी पर भारत में बुंदेलखंड भूमि पर गायत्री महायज्ञ के आयोजन हेतु अमेरिका से श्रद्धेय कृष्ण गणेश खानवलकर अन्ना जी की कर्म स्थली खेल व्यायाम एवं शारीरिक विकास की कार्यशाला करने को राष्ट्र रक्षा व्यायाम मंत्र लीजे श्री लक्ष्मी व्यायाम मंदिर प्रांगण में पधारी और चल रही व्यायाम प्रशिक्षण की गतिविधियों का अवलोकन किया। उनके एलबीएम आगमन पर संस्था के पर्यवेक्षक गजानन खानवलकर महारानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज के प्रबंधक प्रभात कुमार सक्सेना सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार ओझा ने संयुक्त रूप से स्वागत किया। अंत में उनको संस्था के पदाधिकारियों ने स्मृति चिंह देकर व शॉल उडाकर उनका अभिनंदन किया।माता जी श्रीमती कुसुम ने बताया कि 21 फरवरी से 24 फरवरी 2026 में अयोध्या में 251 कुण्डीय यज्ञ का आयोजन किया जाना है जिसमें सम्मिलित होने के लिए सम्पूर्ण संस्था को आमंत्रित होने का आवाहन किया।

कार्यक्रम में देवी सिंह कुशवाहा राम सिंह सिकोरिया,केशव कुमार,साकेत सक्सेना, संजय झा,रघुवीर रावत इत्यादि उपस्थित रहे। इसी क्रम में सायंकाल प्रकाश रीजेंशी के सभागार में माताजी के मुख्यातिथ्य में स्वतंत्रता संग्राम की प्रथम दीपशिखा महारानी वीरांगना लक्ष्मीबाई की जन्म जयंती पर उन्हें नमन किया गया तदुपरांत आयोजित गोष्ठी में कुसुम माताजी ने अयोध्या में फरवरी 2026 में आयोजित 251 कुण्डीय गायत्री यज्ञ की सफलता हेतु अभी से तैयारियों में जुटने की बात कही।

इस मौके पर एड.प्रभात सक्सैना,गजानन खानवलकर, मैथिलीशरण मुदगिल, रामकुमार व्यास, बुंदेलखण्ड प्रेस वैलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष शीतल तिवारी, श्रीमती पुष्पा मिश्रा,दीपा मिश्रा,पंकज भारद्वाज आदि ने माताजी महारानी झांसी का चित्र बतौर स्मृति चिंह भेंटकर उन्हें विदाई दी। संचालन वरिष्ठ दीनदयाल मिश्रा ने किया।

# चाकू और शराब सहित तीन अभियुक्त से गिरफ्तार




**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** पुलिस में अलग-अलग स्थानों से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने दो अभियुक्तों के कब्जे से चाकू व एक के कब्जे से कच्ची शराब बरामद की है।पुलिस ने अभियोग दर्ज कर तीनों व्यक्तियों को जेल भेज दिया है।एसपी के आदेश पर खंद्रावली चौकी प्रभारी बिजेंद्र सिंह रावल पुलिस टीम के साथ नहर पटरी पर संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो संदिग्ध युवक पकड़ लिए जिनके कब्जे से चाकू बरामद हुए।पूछताछ करने पर दोनों ने अपने नाम शहजाद व दूसरे ने सरवर निवासी ग्राम बरनाहवी थाना कैराना बताया। दूसरी और पुलिस ने कैराना मार्ग स्थित जिडाना रजवाहे की पटरी से कच्ची शराब सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त ने अपना नाम गुलफाम निवासी जनपद शामली बताया। गुरुवार को पुलिस ने तीनों अभियुक्तों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए अभियोग दर्ज करने के बाद जेल भेज दिया है।

# रानी लक्ष्मीबाई के जन्मदिवस को सामाजिक संगठनों ने दीपांजलि उत्सव के रूप मे मनाया



**झांसी।** आर नेत्र प्रशिक्षण केंद्र शिवपुरी रोड, झांसी में महारानी लक्ष्मीबाई की वंशज श्रीमती प्रीति नवेलकर जी की उपस्थिति एवं कु राशि साहू अध्यक्ष ऊर्जा फाउंडेशन के मुख्य अतिथ्य में रानी लक्ष्मीबाई का जन्म दिवस को दीपांजलि उत्सव के रूप में लायंस क्लब झांसी,जय मां कर्मा समर्पण समिति साहू समाज, भारतीय बौद्ध संघ स्पोर्ट हेल्थ साइकिल संगठन बुंदेलखंड तथा आवास विकास व्यापार मंडल के द्वारा मनाया गया जिसमें छोटे बच्चों द्वारा रानी लक्ष्मीबाई का स्वरूप बनाया गया तथा लाइन विजय खत्री,लाइन आरके अरोड़ा,लाइन म क अरोरा जी,लाइन दीपांशु दे,लाइन लक्ष्मी पचौरी,लाइन डॉक्टर जगदीश पचौरी जी,आवास विकास व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्री अवनीश खरे, श्री धनीराम साहू चाचा उपाध्यक्ष अनिल कुमार साहू मार्बल,कर्मा समर्पण समिति के उपाध्यक्ष श्री अशोक साहू,श्री संतोष साहू, हेल्थ स्पोर्ट साइकिल एसोसिएशन के पदाधिकारी श्री वीरेंद्र तथा श्री महेंद्र जी,भारतीय बौद्ध संघ के पदाधिकारी श्री सुधीर सुधीर,अंजू,नेहा,अंशु गुलाटी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे,कार्यक्रम का संचालन एवं आभार लाइन नीतू साहू तथा डॉक्टर आदित्य साहू द्वारा किया गया।

# पुलिस के ऑपरेशन सवेरा में दो मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** पुलिस ने थाना क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग से दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लाखों रुपए का मादक पदार्थ बरामद करते हुए अभियोग दर्ज कर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग पर मादक पदार्थ तस्करों का बोलबाला है। महिला एवं बच्चे भी मादक पदार्थ बेचने में पीछे नहीं हैं। नशे की रोकथाम के लिए डीआईजी सहारनपुर अभिषेक ने ऑपरेशन सवेरा अभियान चला रखा है अभियान के अंतर्गत पुलिस को बुधवार की रात्रि मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग पर दो मादक पदार्थ तस्कर मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे हैं। सूचना पर उप निरीक्षक देवेंद्र कुमार तेवतिया पुलिस टीम के साथ पहुंचे और घेराबंदी करते हुए मौके से दो मादक पदार्थ तस्कर पकड़ लिए। पुलिस के अनुसार पकड़े गए मादक पदार्थ तस्करों के कब्जे से 800 ग्राम चरस बरामद हुई। पकड़े के मादक पदार्थ तस्करों ने अपने नाम बिलाल पुत्र कामिल निवासी सलेमपुर मार्ग तो दूसरे ने सोनू पुत्र इकराम निवासी मोहल्ला पंसारियान जनपद शामली बताया। गुरुवार को पुलिस ने अभियोग दर्ज करते हुए दोनों मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध अभियोग दर्ज करें जेल भेज दिया है।

# निर्यात में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर टील एफपीओ को मिला 4 लाख का प्रोत्साहन

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** आयुक्त कार्यालय सहारनपुर में आयुक्त डॉ. रुपेश कुमार ने टील फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड, इस्सोपुर टील कांधला (जनपद शामली) को उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति के तहत क्लस्टर बनाकर निर्यात करने पर 4 लाख रुपये की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि प्रदान की।

इस अवसर पर आयुक्त ने भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं।सहायक कृषि विपणन अधिकारी एवं सदस्य सचिव, मंडल स्तरीय कृषि निर्यात निगरानी समिति, सहारनपुर, राहुल यादव ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में कृषि निर्यात नीति के अंतर्गत 5 क्लस्टर गठित किए गए हैं, जिनमें मुजफ्फरनगर में 2 और शामली में 1 क्लस्टर शामिल है।प्रदेश में दूसरी बार किसी एफपीओ को विदेश निर्यात पर प्रोत्साहन राशि दी गई है, जो सहारनपुर मंडल के लिए गौरव की बात है।जनपद शामली के टील एफपीओ द्वारा वर्ष 2023-24 में 96.9 मीट्रिक टन बासमती चावल दुबई को निर्यात किया गया।नीति अनुसार 50 हेक्टेयर भूमि का क्लस्टर बनाकर निर्यात करने पर 10 लाख रुपये तक का प्रोत्साहन देने का प्रावधान है।

टील एफपीओ द्वारा 53.75 हेक्टेयर भूमि का क्लस्टर बनाकर निर्यात किया गया, जिसके आधार पर मंडलायुक्त द्वारा 4 लाख रुपये की राशि मंजूर की गई।

कार्यक्रम में अपर आयुक्त प्रशासन भानु प्रताप यादव, रमेश यादव, सहायक कृषि विपणन अधिकारी राहुल यादव, ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक प्रदीप कुमार, निर्यात पटल प्रभारी मुकुल कुमार, सहायक कृषि विपणन निरीक्षक, टील एफपीओ अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, महासचिव सुभाष चंद एवं निदेशक सुधीर कुमार आदि उपस्थित रहे।

# कार की टक्कर से बाइक सवार चाचा भतीजा घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव जसाला के समीप कार की टक्कर लगने से बाइक सवार चाचा, भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए,चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिए हैं। थाना क्षेत्र के गांव पंजोखरा निवासी गुरमीत पुत्र अनिल, अपने चाचा नाथीराम के साथ बाइक पर सवार होकर पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डलवाने के लिए आ रहे थे। बाइक सवार जैसे ही दोनों लोग क्षेत्र के जसाला बस स्टैंड के समीप पहुंचे तो विपरीत दिशा से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी। कार की टक्कर लगने से बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।राहगीरों ने घायलों की चीख-पुकार पुकार सुनकर जानकारी 108 एंबुलेंस को दी।चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेपर कर दिया है? कार चालक अपनी कार लेकर मौके से फरार हो गया।

# घर से जेवरात गायब होने के दो अलग-अलग मामले, पुलिस से की कार्रवाई की मांग

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना तथा गांव गढ़ी दौलत में जेवरात गायब होने के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। दोनों मामलों में पीड़ितों ने थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की है, जिस पर पुलिस जांच में जुट गई है।गांव सुन्ना निवासी इसरार ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी खालिदा से उसका विवाद चल रहा है।कुछ दिन पूर्व खालिदा ने उस पर तमंचा रखने का आरोप लगाकर पुलिस से शिकायत की थी, जिसके बाद पुलिस ने इसरार को तमंचे सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

पीड़ित का कहना है कि उसके जेल जाने का फायदा उठाकर उसकी पत्नी खालिदा घर में रखे लाखों रुपये के जेवरात निकालकर अपने मायके गांव पुरबालियान ले गई। आरोप है कि विरोध करने पर पत्नी और ससुराल पक्ष के लोग उसे गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देते हैं।गुरुवार को इसरार ने थाने पर पहुंचकर कार्रवाई की मांग की है।दूसरी और गांव गढ़ी दौलत निवासी युवती पूजा पुत्री लक्ष्मण ने बताया कि उसकी आगामी 25 नवंबर को शादी है। बुधवार की देर शाम वह बाजार से सामान खरीदने गई थी। आरोप है कि उसकी गैरमौजूदगी में उसकी भाभी घर में रखे जेवरात निकालकर घर का सामान बिखेरते हुए कहीं चली गई।युवती पूजा ने अपनी भाभी के विरुद्ध थाने पर तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# बंधक बनाकर बेरहमी से पिटाई का वीडियो वायरल, पुलिस जांच में जुटी

**वेलकम इंडिया**



**कांधला।(मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र में मानवता को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है, जिसमें एक युवक को बंधक बनाकर जमीन पर गिराकर बेल्टों, लात-घूसों और डंडों से बेरहमी से पिटाई किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में पीड़ित युवक लगातार रहम की गुहार लगाता हुआ दिखाई दे रहा है, लेकिन आरोपी दबंग उस पर लगातार हमला करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

गुरुवार को वायरल हुए इस वीडियो में साफ दिख पड है कि युवक को न सिर्फ जमीन पर लिटाकर पीटा जा रहा है, बल्कि वह भाई-भाई कहकर छोड़ देने की गुहार भी लगा रहा है।इसके बावजूद भी दबंग युवक पर लगातार बेल्ट और लात-घूसों से हमला करते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गया।हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि वीडियो कब का है और किस स्थान का है।वायरल वीडियो में आरोपियों की पहचान भी अभी सामने नहीं आई है। पीड़ित युवक मारपीट करने वाले आरोपियों का नाम ले रहा है।पुलिस ने वायरल वीडियो की जांच शुरू कर दी है।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैम्प का जनसुनवाई किया गया

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में उपाध्यक्ष के निदेर्शानुसार सचिव डॉ.वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैम्प का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया कैम्प का उद्देश्य भवन स्वामियों से प्राप्त मानचित्रों,नोटिसों तथा शमन से संबंधित प्रकरणों का त्वरित,पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करना थो सचिव डॉ.वेद प्रकाश मिश्रा ने कैम्प के दौरान उपस्थित सभी अनुभागों को निर्देशित किया कि मानचित्र आपत्तियां,ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से प्राप्त होने वाली सभी प्रकार की (प्रार्थनापत्रों) का तत्काल निस्तारण किया जाए उन्होंने विशेष रूप से यह भी निर्देश दिया कि जिन मानचित्रों को तकनीकी अथवा नियमों के अनुपालन न होने के कारण रिजेक्ट किया गया है उन पर संबंधित प्रवर्तन टीम द्वारा आवश्यक विधिक एवं ध्वस्तीकरण (डिमोलिशन) की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए

कैम्प के दौरान विभिन्न अनुभागों द्वारा की गई प्रमुख कार्यवाहियाँ निम्नलिखित रहीं–

(1)- नियोजन अनुभाग द्वारा कुल 11 मानचित्रों का निस्तारण किया गया।

(2)- कैम्प में तीन नए शमन मानचित्र आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर नियमानुसार कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

(3)- पूर्व में लंबित मानचित्रों में से सात मानचित्रों को स्वीकृति प्रदान की गई।

मानचित्र एवं नोटिस से संबंधित सुनवाई में कुल 72 भवन स्वामी उपस्थित हुए तथा 28 नोटिस प्रकरणों की सुनवाई की गई।

इस व्यापक जनसुनवाई अभियान में सहायक नगर नियोजक सौरभ जोशी, पाँचों जोनों के जोनल अधिकारी, अवर अभियंता, लिपिकगण तथा नियोजन,आवाप्ति, सीलिंग एवं विधि अनुभाग के समस्त कार्मिक उपस्थित रहे और उन्होंने अपने-अपने स्तर से कार्यवाही को सुचारू रूप देते हुए कैम्प को सफल बनाया।

# समाजवादी पार्टी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी द्वारा मतदाता जागरूकता सहायता शिविर का आयोजन

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी द्वारा 20 नवम्बर गुरुवार को हरहुआ ब्लॉक के ग्राम चक्का में अमर शहीद स्वर्गीय तिलकधारी यादव की प्रतिमा स्थित मतदाता जागरूकता सहायता शिविर का किया गया आयोजन मतदाता पुनर निरीक्षण कार्यक्रम में लोगों की सहभागिता के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया एवं नए 131 मतदाताओं को ऑनलाइन फॉर्म भरकर जोड़ा गया।

मतदाता जागरूकता एवं पुनर्निरिक्षण कार्यक्रम के संयोजक बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी राष्ट्रीय महासचिव सत्यप्रकाश सोनकर ने बताया समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर एसआईआर पीडीए प्रहरी दल का गठन कर अजगरा विधानसभा से नए वोटरों को चुनाव में भागीदार बनाने के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरवाया जा रहा है।एसआईआर में आने वाले समस्याओं से भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मतदाता प्रहरी कार्यक्रम में पूर्व पार्षद वरुण सिंह ने कहा मतदाताओं को जागरूक रहकर अपने वोट को रक्षा करनी होगी समाजवादी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता वोट के अधिकारों की चिंता करता है। विधानसभा अध्यक्ष बाबूलाल यादव ने कहा प्रशासन को वोट पुनर्निरिक्षण का समय बढ़ाना चाहिए जिससे सभी मतदाता अपना फॉर्म भरकर जमा कर सकें जिला पंचायत सदस्य शंभू यादव और पूर्व जिला पंचायत सदस्य मिश्रा ने कहा शादी विवाह के समय जहां लोग व्यस्त रहते है उस समय एसआईएस प्रणाली लागू करना ही नहीं चाहिए लेकिन जब प्रक्रिया शुरू हो ही गया है तो समाजवादी पार्टी के बीएलए पूरी मुस्तैदी से पीडीए मुहिम के साथ वोट संरक्षण का काम कर रहे हैं।

एसआईआर मतदाता पीडीए प्रहरी कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सत्यप्रकाश सोनकर, वरुण सिंह,बाबूलाल यादव, डी.के.मौर्या, संजय मिश्रा,संजय यादव, हरिओम यादव, लवकुश पगड़ी,अंजनी सिंह, योगेंद्र आर्या, विशाल सोनकर, सचिन यादव,अखिलेश यादव,सतीश यादव, मनोज यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# आत्मनिर्भर भारत महिला सम्मेलन का आयोजन



**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** भाजपा महानगर महिला मोर्चा के तत्वावधान मे वाराणसी महानगर महिला मोर्चा अध्यक्ष कुसुम सिंह पटेल के नेतृत्व मे सारनाथ मंडल के सारंगनाथ मंदिर पोखरा पर सारनाथ मंडल अध्यक्ष राधा राजभर के द्वारा आत्मनिर्भर भारत महिला सम्मेलन का किया गया आयोजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथी के रुप में प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजपा रानीका जायसवाल उपस्थित रही।मुख्य अतिथी ने अपने उद्बोधन में सभी महिलाओ को आत्मनिर्भर और स्वदेशी बने हुये वस्तुओ के प्रचार व महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मोदी जी द्वारा चलाए जा रहे योजनाओ के बारे मे समझाया।कार्यक्रम मे महानगर महामंत्री साधना सिंह उपस्थित रही संचालन पुनम यादव ने कीया व धन्यवाद राधिका देवी ने किया। कार्यक्रम मे पुजा, काजल, रिमझीम, कुसुम, गीता व अन्य महिलाए लगभग सैकड़ो की संख्या मे उपस्थित रही।

# डीएपी खाद की आपूर्ति न होने से किसान परेशान, किया प्रदर्शन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** डीएपी खाद की आपूर्ति न होने से कस्बा निवाड़ी क्षेत्र के किसान परेशान है। इस समय सरसों व गेहूं की बुवाई के चलते डीएपी खाद न मिलने से किसानो को सरसों व गेहूं की बुवाई करने में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर किसानों में भारी रोष व्याप्त है।

किसानों का कहना है की करीब 20 दिनों से कोऑपरेटिव सोसाइटी निवाड़ी पर डीएपी न होने से किसान परेशान है। क्षेत्र का किसान जब भी कोऑपरेटिव सोसाइटी निवाड़ी पर जाता है तो अधिकतर कोऑपरेटिव सोसाइटी बंद मिलती है।

किसानों को प्राइवेट दुकानों से महंगी दर पर डीएपी खरीदनी पड़ रही है।

किसानों का कहना है कि अगर जल्द से जल्द डीएपी खाद की आपूर्ति न की गई तो तहसील मोदीनगर उप जिलाधिकारी दफ्तर पर भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें क्षेत्र के सभासद, पूर्व सभासद, पूर्व अध्यक्ष, क्षेत्र के किसान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य, भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के पदाधिकारी गण आदि लोग धरने प्रदर्शन में शामिल होंगे।

नगर पंचायत निवाड़ी क्षेत्र के किसानों ने आज कोऑपरेटिव सोसाइटी निवाड़ी पर डीएपी ने मिलने के कारण प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी, मोदीनगर तहसील कंपाउंड क्षेत्र अध्यक्ष कुलदीप त्यागी, भाकियू नगर अध्यक्ष नरेंद्र त्यागी, अमित कुमार, मदनलाल फौजी, निक्कू त्यागी, जय भगवान फौजी, अंकित कुमार, मनीष कुमार, सुबोध त्यागी सचिन त्यागी, आदि लोग मौजूद रहे।

## हादसे में एक की मौत कई घायल



**बुलंदशहर।** नेशनल हाईवे-34 पर तेज रफ्तार ट्रक मिनी बस और फार्च्यूनर से टकराया। भीषण सड़क हादसे में भाजपा नेता के निजी गनर की मौत, दो दर्जन से अधिक लोग बताये जा रहे हैं घायल। हादसे में घायल यात्रियों को जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती, कई घायलों की हालत नाजुक। फार्च्यूनर और मिनी बस से टकराने के बाद तेज रफ्तार ट्रक भी पलटा। सूचना पर एसपी सिटी समेत आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से वाहनों को साइड कर यातायात किया गया सुचारू। सिकंदराबाद नेशनल हाइवे पर बिलसुरी के पास हुआ दर्दनाक हादसा।

# आरकेजीआईटी में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

वेलकम इंडिया




**गाज़ियाबाद (अनिल वशिष्ठ)।** राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी में आई. ई. ई. ई. द्वारा आयोजित ₹एडवांसमेंट इन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग₹ (ए ई सी ई - 2025) पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 21-22 नवंबर 2025 को किया जाएगा।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ आर के यादव एवं डॉ अमित सिंघल ने बताया कि इस संगोष्ठी के लिए 1250 शोध पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से संगोष्ठी में 226 शोध पत्रों को प्रस्तुत किया जाएगा। चयनित शोध पत्र आई. ई. ई. ई. एक्सप्लोर में प्रकाशित होंगे। इस संगोष्ठी के लिए जर्मनी, उज्बेकिस्तान, संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए), थाईलैंड, दक्षिण अफ्रीका, मलेशिया, पेरू, यू. ए. ई., इराक तथा भारत के विभिन्न क्षेत्रों से शोध पत्र प्राप्त हुए हैं। इस दो दिवसीय संगोष्ठी में विश्व के विभिन्न क्षेत्रों से सम्मानित लोग व्याख्यान देंगे।

संगोष्ठी में विभिन्न देशों की प्रतिष्ठित संस्थानों के आमंत्रित वक्ता भी अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। यह महत्वपूर्ण संगोष्ठी शोधकताओं को नए उभरते हुए क्षेत्र में सक्रिय रूप से शामिल लोगों के साथ भविष्य की समस्याओं और उनके व्यावहारिक समाधान, वैज्ञानिक परिणाम और विषयों पर चर्चा करने और मिलने के लिए उत्कृष्ट मंच प्रदान करता है। कार्यक्रम की प्रेस वार्ता में संस्थान के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल, ग्रुप एडवाइजर डॉ लक्ष्मण प्रसाद, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ डी के चौहान, डायरेक्टर डॉ बी सी शर्मा, डीन ई आई आई डॉ पुनीत चंद्र श्रीवास्तव, डीन एक्रीडिटेशन डॉ रामेन्द्र सिंह, डीन स्टूडेंट वेलफेयर एच जी गर्ग, संयोजक डॉ आर के यादव (डीन एकेडमिक) एवं डॉ अमित सिंघल (एचओडी, सीएसई), डॉ विपुल गोयल (हेड एच आर) मौजूद रहे।

## सरदार वल्लभभाई पटेल जन्म जयंती पर पदयात्रा निकाली गई



वेलकम इंडिया

**गाज़ियाबाद (अनिल वशिष्ठ)।** आधुनिक भारत के शिल्पकार लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जन्म जयंती मनाने के अनुक्रम में डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर से मोदी मंदिर तक पद यात्रा निकाली गई। पदयात्रा में मोदी कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ सतीश अग्रवाल, एनसीसी अधिकारी प्रवीण जैनर एनसीसी कैडेट शामिल रहे।

## शिक्षकों को सौंपा बीएलओ व पर्यवेक्षक का काम, विद्यालयों में पढ़ाई पर संकट

**जहांगीराबाद।** जनपद के प्राथमिक विद्यालयों में इन दिनों बच्चों की पढ़ाई पर गहरा संकट मंडरा रहा है। विधानसभा और पंचायत चुनाव से जुड़ी तैयारियों में शिक्षकों और शिक्षामित्रों को बीएलओ व पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। ऐसे में विद्यालयों की शिक्षण व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है। शिक्षक विद्यालयों से कार्यमुक्त होकर एसएसआर और मतदाता सूची से संबंधित कार्यों में जुटे हैं। कई स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने के लिए पर्याप्त शिक्षक ही नहीं बचे हैं। जिन विद्यालयों में कुछ शिक्षक मौजूद भी हैं, वहां भी नाममात्र की कक्षाएं चल रही हैं। अभिभावकों का कहना है कि पढ़ाई का आधा सत्र बीत चुका है, लेकिन बच्चों की पढ़ाई पटरी पर नहीं लौट रही। इसका सीधा असर उनके परीक्षा परिणामों पर पड़ेगा। कई गांवों में तो बच्चों को खाली बैठना पड़ रहा है क्योंकि शिक्षण कार्य ठप है।

## जिला स्तरीय स्किल इंडिया प्रतियोगिता का किया जाएगा आयोजन



**बुलंदशहर।** स्किल इंडिया कंपटीशन 2025 के लिए पूरे भारतवर्ष में अक्टूबर 2025 में स्किल इंडिया पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कराए गए थे जिसमें उत्तर प्रदेश पंजीकरण के लिए देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसमें जनपद बुलंदशहर प्रदेश में तीसरे स्थान पर रहा जिसके प्रथम चरण में जिला स्तरीय स्किल इंडिया प्रतियोगिता प्रदेश की सभी जनपद में 19 नवंबर से 25 नवंबर के मध्य आयोजित की जा रही है जिसके लिए जनपद बुलंदशहर में यह प्रतियोगिता राजकीय आईटीआई सहकारी नगर बुलंदशहर आईटीआई सैदपुर एवं आईटीआई सिकंदराबाद को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिसमें जनपद में लगभग 2000 अभ्यर्थी द्वारा प्रति भाग किया जाएगा इसके उपरांत यह प्रतियोगिता मंडल स्तर पर फिर प्रदेश स्तर पर इसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाएगी जनपद बुलंदशहर में यह प्रतियोगिता 19 अलग-अलग विधाओं में आयोजित की जा रही है स्किल इंडिया प्रतियोगिता 2025 के लिए जनपद बुलंदशहर अभ्यर्थी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्किल स्याना का अर्दली रूम आयोजित किया गया

**स्याना/बुलंदशहर।** गुरुवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा सर्किल स्याना में 06 माह से अधिक लम्बित विवेचनाओं के सम्बन्ध में अर्दली रूम किया गया, जिसमें सभी थाना प्रभारियों एवं विवेचकों को विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण शीघ्रता से निस्तारण, वांछित एवं एनबीडब्लू की गिरफ्तारी के साथ-साथ समय से आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित कर प्रभावी पैरवी कर सजा के अन्तिम परिणाम तक पहुँचाने तथा 07 वर्ष के कम अवधि की सजा वाली धाराओं की विवेचनाओं का निस्तारण शीघ्र-अतिशीघ्र करने व महिला सम्बन्धी अपराधों में न्यूनतम समय में विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर सजा दिलवाने व प्रदेश भर में चलाये जा रहे अभियान ₹ऑपरेशन कन्विक्शन₹ के क्रम में अपराधियों को सजा दिलवाने में व्यक्तिगत रूचि लेकर प्रभावी पैरवी करने को भी निर्देशित किया गया।

## 5 करोड़ रुपये की लागत से अब खुर्जा नगर की विद्युत संबंधी समस्याओं का होगा समाधान



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** खुर्जा विधानसभा में विगत काफी समय से नगर वासियों द्वारा विद्युत विभाग से संबंधित विभिन्न समस्याओं की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही थीं जैसे- नये ट्रांसफॉर्मरों लगाने, पुराने ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता वृद्धि कराने, जर्जर पोल बदलवाने, खुले में रखे ट्रांसफॉर्मरों का बेस बनाने व उनकी बैरिकेडिंग कराने एवं जर्जर तारों को बदलवाने आदि इन सभी समस्याओं के समाधान के लिए खुर्जा विधायक मीनाक्षी सिंह ने ऊर्जा मंत्री एवं विद्युत विभाग के शीर्ष अधिकारियों से हमारे द्वारा लिखित व मौखिक रूप से लगातार आग्रह किया जा रहा था।

खुर्जा विधायक मीनाक्षी सिंह के आग्रह पर उपरोक्त समस्याओं के समाधान के लिए ऊर्जा मंत्रालय द्वारा 15 करोड़ रुपये की धनराशि खुर्जा नगर के लिए स्वीकृत कर दी गई है और आज सम्मानित नगर वासियों की उपस्थिति में उक्त 15 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न कार्यों का विधिवत पूजा-अर्चना करके खुर्जा नगर में चमन विहार कॉलोनी से शुभारम्भ कराया।

आरकेजीआईटी में

# इनोवेशन, डिजाइन एवं एंटरप्रेन्योरशिप क्षमता निर्माण कार्यशाला का उद्घाटन

वेलकम इंडिया



**गाज़ियाबाद (अनिल वशिष्ठ)।** जिला शिक्षा अधिकारियों एवं सदस्यों हेतु क्षमता निर्माण कार्यशाला

20-21 नवम्बर 2025 स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद तथा शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल के संयुक्त तत्वावधान में जिला शिक्षा अधिकारियों एवं सदस्यों के लिए इनोवेशन, डिजाइन एवं एंटरप्रेन्योरशिप पर दो-दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का उद्देश्य जिला स्तर के शिक्षा प्रशासकों की नवाचार, रचनात्मकता, डिजाइन थिंकिंग एवं उद्यमिता के क्षेत्रों में क्षमताओं को सशक्त बनाना है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मूल भावना के अनुरूप है।

यह राष्ट्रीय स्तर का बूटकैंप वाधवानी फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जो उद्यमिता शिक्षा एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रसिद्ध है। फेज-3 की यह क्षमता निर्माण कार्यशाला 20 एवं 21 नवम्बर 2025 को राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गाज़ियाबाद, उत्तर प्रदेश में आयोजित की जा रही है।

इस फेज-3 कार्यशाला का राज्य स्तर का उद्घाटन 20 नवम्बर 2025 को आरकेजीआईटी, गाज़ियाबाद में संपन्न हुआ, जिसमें उपस्थित रहे संस्थान के उपाध्यक्षअक्षत गोयल, सलाहकार लक्ष्मण प्रसाद, एग्ज़िक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. डी.के. चौहान, निदेशक डॉ. बी.सी. शर्मा, सभी डीन, वरिष्ठ प्राध्यापक एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारी, संकाय सदस्य तथा 60 से अधिक जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। दो दिवसीय कार्यशाला में समूह आधारित गतिविधियाँ, सघन कार्य सत्र एवं व्यावहारिक मॉड्यूल सम्मिलित हैं, जिनका उद्देश्य नवाचार एवं समस्या-समाधान कौशलों को प्रोत्साहित करना है। यह कार्यशाला ह्लक्योंह्व, ह्लक्याह्व एवं ह्लकैसेह्व के पहलुओं के माध्यम से नवाचार की गहरी समझ विकसित करती है।कार्यक्रम के दौरान सहभागियों को शिक्षा में नवाचार के महत्व, जिला स्तर पर सकारात्मक परिवर्तन लाने के व्यावहारिक उपायों, तथा उद्यमी सोच विकसित करने के विभिन्न पहलुओं की समझ प्रदान की जा रही है, जिससे भविष्य उन्मुख शिक्षा तंत्र को सशक्त किया जा सके।

## अंतर्जनपदीय लुटेरों पर गैंगस्टर में मुकदमा दर्ज

**शिकारपुर।** कोतवाली शिकारपुर में अंतर्जनपदीय लुटेरों का संगठित गिरोह बनाकर घटनाओं को अंजाम देने वाले छह सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर में कार्रवाई की गई है। गुरुवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंदगीराम ने बताया कि उत्तर प्रदेश गिरोह बंद समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के तहत 6 लुटेरे गैंग लीडर शिकारपुर के मौहल्ला कोट शेर खान निवासी नवेद पुत्र जहीर, यहीं के अनस मलिक पुत्र रिफाकत अली, मौहल्ला मुफ्तीवाडा निवासी सलाउद्दीन पुत्र रियाजुद्दीन, यहीं के इरफान पुत्र अब्दुल कलाम, जहांगीराबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव रिवाड़ा निवासी सलीम पुत्र फरियाद और यहीं के जुनैद पुत्र जाकिर के खिलाफ गैंगस्टर में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में एकता यात्रा का आयोजन

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य एकता यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा मोदी इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर मोदी मंदिर तक निकाली गई, समापन के उपरान्त बैठक आयोजित की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चौ. चेनपाल सिंह ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष कांता कर्दम की उपस्थिति रही। विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने यात्रा में सहभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल की एकता यात्रा उनके संदेश एक भारत आत्मनिर्भर भारत को पुन स्मरण कराते हुए समाज में एकता, संगठन और राष्ट्रभक्ति की भावना को सशक्त बनाती है। यात्रा में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी दर्ज कराई। साथ ही कार्यकताओं, पदाधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों की व्यापक उपस्थिति ने कार्यक्रम की भव्यता और सफलता को और अधिक उजागर किया। यह एकता यात्रा न केवल एक ऐतिहासिक आयोजन सिद्ध हुई, बल्कि सरदार पटेल की दूरदृष्टि एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने का प्रेरणादायी माध्यम भी बनी।

इस मौके पर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, नगर पंचायत निवाड़ी अध्यक्ष अनिल त्यागी, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल, भाजपा जिला अध्यक्ष उपाध्यक्ष देवेंद्र चौधरी, अमित चौधरी, सभासद ललित त्यागी, संदीप सांगवान, नवीन जायसवाल गीता कौशिक, डॉ अनिला आर्य आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में स्कूटी सवार दंपति एवं एक मासूम बालिका की दुखद मौत, राहगीर घायल

वेलकम इंडिया

**अगौता/बुलंदशहर।** अगौता थाना क्षेत्र में बुधवार की रात्रि में स्कूटी व स्विफ्ट कार की आमने सामने हुई भीषण भिड़ंत में एक दंपति व उनकी मासूम बालिका की दर्दनाक मौत हो गई। साथ ही एक राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गया।अज्ञात वाहन को बचाने के प्रयास में हादसा पेश आया। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने मोर्चरी भेजा। पुलिस ने फिलहाल तहरीर नहीं मिलने की बात कही है।

गांव नंगला शेख निवासी अंसार पुत्र अताउल्लाह उम्र लगभग 44 वर्ष अपनी पत्नी मुसाईदा उम्र लगभग 38 वर्ष अपनी बेटी अरीशा उम्र लगभग छः वर्ष के साथ स्कूटी पर सवार होकर अपनी रिश्तेदारी में गांव आलमनगर गये थे। वापस गांव लौट रहे थे तभी अगौता थाने के नजदीक सामने से आ रही स्विफ्ट कार किसी वाहन को बचाने के दौरान स्कूटी से जा भिडी। भीषण भिड़ंत में तीनों बुरी तरह घायल हो गए। एक राहगीर मजदूर राजाराम निवासी गांव ढकरवा जिला लखीमपुर खीरी भी दुर्घटनाग्रस्त हो घायल हो गया।

सूचना मिलने पर अगौता थाना प्रभारी अतुल चौहान पुलिस बल को साथ लेकर मौके पर पहुंचे और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकबर पुर रैना पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घायल बच्ची को स्विफ्ट कार चालक स्वयं जिला अस्पताल गया जहां उसे भी चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने भेजा। घटना स्थल पर ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया। थाना प्रभारी ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मामला दर्ज किया जाएगा। वाहनों को पुलिस ने थाने पर खड़ा कर दिया है। चालक गोपीचंद पुत्र मानसिंह निवासी सेहल उम्र लगभग 71वर्ष को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।



## बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु सेल्फ एस्टीम प्रशिक्षण संपन्न

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत सेल्फ एस्टीम मीना मंच जीवन कौशल पावर एंजल सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता प्रदान करने के उद्देश्य से विकास क्षेत्र पहासू के उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालय तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की मीना सुगमकताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण गुरुवार को संपन्न हुआ। बीआरसी पहासू में सभी सुगमकताओं का प्रशिक्षण पूर्ण हो गया है।प्रशिक्षण में खंड शिक्षा अधिकारी अमन गुप्ता ने पहुंचकर प्रशिक्षण की बारीकियां को समझा और सभी प्रतिभागियों से परिचर्चा की। प्रशिक्षण में प्रगति के पंख, आधा फुल कॉमिक सीरीज, अरमान माड्यूल, सेल्फ डिफेंस आदि विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार पूर्वक परिचर्चा हुई। इस दौरान मीना मंच का गठन, आत्मरक्षा क्लब, सुगमकर्ता के कार्य पर भी विस्तार से चर्चा हुई। प्रशिक्षण के उपरांत सभी सुगमकर्ता अपने-अपने विद्यालयों में बच्चों के सशक्तिकरण हेतु कार्य करेंगे। प्रशिक्षण राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर एवं मिशन शक्ति नोडल चिन्तन चौधरी ने मीना मंच का गठन, मीना के उद्देश्य, प्रगति के पंख, वीरांगना ऐप के बारे में जानकारी दी।

# मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक हुई संपन्न

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** विकास भवन गाज़ियाबाद के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल महोदय की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा आहूत हुई। बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा शिक्षकों को योजनाबद्ध तरीके से शिक्षण करने के लिए मोटिवेट करने पर सुझाव दिया गया। निपुण के लिए अच्छा काम करने वाले शिक्षकों को चाय पर बुलाया जाएगा।विद्यालय निपुण बनाने की योजना पर खंड शिक्षा अधिकारियों को काम करने का निर्देश दिया गया।

पीटीएम को सफल बनाने के लिए एसआरजी, डीसी मिलकर योजना बनाएं।सीडीओ महोदय ने कहा कि शिक्षक विभिन्न क्रिया कलापों को मैनेज करें। प्राथमिकता निर्धारित करके कार्यों को व्यवस्थित करें। खंड शिक्षा अधिकारी ब्लॉक, नगरपालिका, ग्राम पंचायत स्तर से विद्यालयों के कायाकल्प मरम्मत की अवश्यकता पर रिपोर्ट प्रस्तुत करे, जिससे इन पर कार्य कराया जा सके। डीटीएफ/ बीटीएफ बैठकों के लिए अधिकारियों को नियमित अवगत कराएं और उनसे बैठक हेतु डेट ली जाए। विद्यालयों में निपुण प्लस एप का उपयोग बढ़ाए। संघर्षशील स्कूलों पर अधिक ध्यान दें। एआरपी /एसआरजी मिलकर निपुण आकलन जो 4 दिसंबर से होने वाला है उसके लिए रणनीति बनाएं। चिंपल का अभी केवल 83% डाउनलोड हुआ है। इसे 100% किया जाए, शिक्षक बच्चों को कार्य जरूर असाइन करें। विकास अधिकारी महोदय ने बताया कि वह ग्राम प्रधानों की चिंपलऐप के उपयोग को बढ़ाने के लिए एक ऑनलाइन वीसी भी करेगें। संपर्क की खराब स्थिति वाले स्कूल की लिस्ट बीइओ को दे जिससे वे संबंधित स्कूल में संपर्क के कंटेंट को सिंक करना सुनिश्चित कर सकें साथ ही जिन विद्यालयों में इस माह उपयोग नही हुआ, उन के साथ बैठक कर उपयोग बढ़ाए। बैठक में डायट उप प्राचार्य ज्योति दीक्षित, बीएसए ओ. पी. यादव, सभी खंड शिक्षा अधिकारी कविता चौहान, महिमा, सर्वेश कुमार, जमुना प्रसाद, अभिषेक कुमार, डीसी रुचि त्यागी, सिंपल चौधरी, डॉ. राकेश, कुणाल मुद्गल, टिंकू कंसल, एसआरजी देवांकुर, पूनम शर्मा, विनीता त्यागी, जनपद के सभी ब्लॉक से समस्त एआरपी, चिंपल ऐप, सेंटर स्क्वायर फाऊंडेशन, संपर्क फाउंडेशन से सभी प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

# जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मॉंदड़ के निर्देश पर श्रम विभाग ने चलाया बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन एवं चिन्हीकरण अभियान



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** बुधवार व गुरुवार को जिलाधिकारी महोदय श्री रविंद्र कुमार मॉंदड़ द्वारा दिये गये निदेर्शों के अनुपालन में श्री अनुराग मिश्र, उप श्रम आयुक्त गाजियाबाद के नेतृत्व में श्री हसं राज, श्री जितेन्द्र सिंह, श्री विनोद कुमार शमां एवं सुश्री रीना, श्रम प्रवर्तन अधिकारीयों की संयुक्त टीम द्वारा प्रताप विहार, विजयनगर, अम्बेडकर रोड, सर्वोदय आदि स्थानों में बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन एवं चिन्हीकरण अभियान चलाकर 01 बाल श्रमिक मैसर्स सुप्रीम टायर वर्ल्ड, जी०टी० रोड, गाजियाबाद से चिन्हित किया गया एवं 19 किशोर श्रमिकों को विभिन्न दुकानों / प्रतिष्ठानों से चिन्हित किया गया। इन बाल एवं किशोर श्रमिकों के 20 सेवायोजकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गयी जिनमें 01 टायर की दुकान, 03 कपड़ों की दुकान, 02 परचून/जनरल स्टोर, 06 खाने की दुकान. 02 फर्नीचर की दुकान, 04 मोटर वर्कशॉप, 01 इलेक्ट्रोनिक की दुकान एवं 01 सराफा की दुकान शामिल हैं। उप श्रम आयुक्त गाजियाबाद द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि भविष्य में ऐसे और अधिक अभियान चलाकर बाल/किशोर श्रमिकों के चिन्हीकरण को और अधिक बढ़ाया जाएगा जिससे जनपद को बाल श्रम मुक्त किया जा सके एवं बाल श्रम कुप्रथा को रोका जा सके।

# महापौर सुनीता दयाल के नेतृत्व में नगर निगम ने शहर सौंदर्यकरण के लिए तेज कार्यवाही शुरू की

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** महापौर सुनीता दयाल के नेतृत्व में नगर निगम ने शहर की सौंदर्यकरण परियोजनाओं को गति प्रदान कर दी है। नगर निगम अधिकारियों ने महापौर के दिए गए निदेर्शों के अनुसार चार प्रमुख चौराहों और दो प्रमुख प्रवेश द्वार को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए कार्यवाही शुरू कर दी है। शहर के सौंदर्यकरण के इस ऐतिहासिक कार्य का उद्देश्य न केवल गाजियाबाद को सुंदर बनाना है, बल्कि उत्तर प्रदेश में शहर की एक विशिष्ट पहचान स्थापित करना भी है। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि गाजियाबाद को सुंदर और स्वच्छ बनाना नगर निगम की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है और निगम हर उम्मीद पर खरा उतरेगा। उन्होंने यह भी बताया कि नगर निगम शहर के सौंदर्यकरण कार्यों को प्राथमिकता के रूप में ले रहा है। इसके अंतर्गत चार प्रमुख चौराहों पर 20-20 फीट के विशाल और आकर्षक स्कल्पचर स्थापित किए जाएंगे। निगम ने प्रथम चरण में चयनित चार चौराहों की सूची तैयार की है। तिगड़ी गोल चक्कर पर उद्योग और नवाचार का स्तंभ, डायमंड फ्लाईओवर चौराहे पर भू-गतिकी खिल (टेक्टोनिक ब्लूम), आनंद विहार प्रवेश बिंदु पर अन्नदाता शिखर स्कल्पचर, और रोटरी जंक्शन गोल चक्कर पर प्रगति का संहिता स्थापित किया जाएगा। इन कलाकृतियों से न केवल शहर की भव्यता बढ़ेगी, बल्कि यह गाजियाबाद को सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से भी अलग पहचान दिलाएंगी। महापौर ने यह भी घोषणा की कि शहर के प्रमुख एलिवेटेड फ्लाईओवर पर 35 फीट लंबा और 72 फीट चौड़ा समृद्धि द्वार बनाया जाएगा। वहीं, उत्तर प्रदेश गेट प्रवेश द्वार पर 55 फीट लंबा और 228 फीट चौड़ा सूर्य प्रकाश द्वार स्थापित किया जाएगा, जो आकर्षक और मनोहर होने के साथ अद्भुत कलाकृतियों से सजाया जाएगा।

## कौशांबी के कैलाश त्रिशूल टावर में राम कथा का भव्य आयोजन, राम विवाह पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**गाजियाबाद।** भक्तिमय वातावरण के बीच कैलाश त्रिशूल टावर परिसर में गुरुवार को आयोजित राम कथा ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। राम विवाह प्रसंग के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और कथा में प्रस्तुत दिव्य प्रसंगों का रसपान किया। कथा के मुख्य दिवस पर पार्षद कुसुम गोयल तथा पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने मंच पर पहुँचकर कथावाचक कृष्ण जी ठाकुर से आशीर्वाद प्राप्त किया और कथा आयोजकों व भक्तों को शुभकामनाएँ दीं। कथावाचक कृष्ण जी ठाकुर ने भगवान राम और माता सीता के विवाह प्रसंग का विस्तृत और भावपूर्ण वर्णन किया।

# 13 बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर एफआईआर दर्ज: उप जिला निर्वाचन अधिकारी

## बीएलओ निर्वाचन सम्बन्धी कार्य में लापरवाही / शिथिलता ना बरतें: श्री सौरभ भट्ट

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** श्री सौरभ भट्ट अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) /उप जिला निर्वाचन अधिकारी, गाजियाबाद ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया कि वर्तमान में सम्प्रति चल रहे विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गणना अवधि में बी.एल.ओ. द्वारा घर-घर भ्रमण कर निर्वाचकों से भरे हुए गणना प्रपत्र प्राप्त करने एवं बी.एल.ओ. एप पर डिजिटाइज किये जाने सम्बन्धी कार्य में 13 बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा लापरवाही बरतने / शिथिलता बरतने के सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी सदर / निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 55-साहिबाबाद द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। उक्त के क्रम में जनपद गाजियाबाद की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में नियुक्त बूथ लेवल अधिकारियों को सूचित किया जाता है कि निर्वाचन सम्बन्धी कार्य में लापरवाही / शिथिलता बरतने पर सम्बन्धित बी.एल.ओ. के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने सम्बन्धी कार्यवाही की जायेगी तथा उक्त प्रकरण का निस्तारण भारत निर्वाचन आयोग के अनुमोदन उपरान्त ही सम्भव होगा।

अतः समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के बूथ लेवल अधिकारी सम्प्रति चल रहे विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत की जाने वाली गतिविधियों में यदि किसी बी.एल.ओ. / सुपरवाइजर / सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीरकण अधिकारी द्वारा लापरवाही / शिथिलता बरतने पर आगे भी कठोर कार्यवाही करते हुए प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी जायेगी।

# छात्रवृत्ति प्रक्रिया लटकी, 618 छात्रों का डेटा लंबित

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिले में अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति प्रक्रिया के प्रति उच्च शिक्षा संस्थानों की लापरवाही लगातार बढ़ती जा रही है, जिसके चलते सैकड़ों छात्र-छात्राओं के छात्रवृत्ति से वंचित होने की संभावनाएँ गहरी होती जा रही हैं। इसी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी श्री साहित्य निकष सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर संस्थाओं को कड़े निर्देश दिए हैं और स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि संस्थाओं की शिथिलता के कारण कोई भी विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित हुआ, तो ऐसी संस्थाओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।


श्री सिंह ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में मुख्यमंत्री द्वारा छात्रवृत्ति योजनाओं की गहन समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में विभागीय अधिकारियों द्वारा बार-बार निर्देश दिए जाने के बावजूद गाजियाबाद की कई उच्च शिक्षा संस्थाएं न तो छात्रों का डेटा फॉरवर्ड कर रही हैं और न ही अपनी प्रो$फाइल लॉक कर रही हैं। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बीते सप्ताह आयोजित विशेष बैठक में भी स्पष्ट निर्देश दिए गए थे, परंतु अधिकांश संस्थाओं ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय से प्राप्त सूचना के अनुसार जनपद में 1102 छात्रों के पंजीकरण के मुकाबले केवल 627 छात्रों का अंतिम सबमिशन किया गया है। इनमें से भी मात्र 08 छात्रों का डेटा संस्थाओं द्वारा फॉरवर्ड किया गया, जबकि 618 छात्रों का डेटा अभी तक संस्थाओं की लॉगिन पर लंबित पड़ा हुआ है, जो कि अत्यंत चिंताजनक स्थिति है। जबकि प्रदेश के अन्य जनपदों में डेटा अग्रसारण 20' से 55' के बीच है।

# सिख समाज से गाजियाबाद का प्रतिनिधित्व मिलने पर टीटू ने व्यक्त किया आभार

वेलकम इंडिया








**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) को उत्तर प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में नई ऊर्जा देने के उद्देश्य से पार्टी ने पाँच विशेष प्रतिनिधियों की नियुक्ति की है, जिनमें गाजियाबाद से सिख समाज के प्रतिष्ठित युवा नेता इंद्रजीत सिंह टीटू को महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए शामिल किया गया है। जिम्मेदारी मिलने के बाद इंद्रजीत सिंह टीटू ने बयान जारी कर साफ कहा कि वे शहरी इलाकों में राष्ट्रीय लोकदल को एक नई पहचान देंगे और यह मिथक तोड़ेंगे कि आरएलडी केवल ग्रामीण क्षेत्रों की पार्टी है। इंद्रजीत सिंह टीटू, जो अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और अर्बन कमेटी के प्रमुख सदस्य हैं, ने कहा कि केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह द्वारा उन पर जताया गया भरोसा उनके लिए सम्मान और प्रेरणा दोनों है। उन्होंने कहा कि मैं अपने नेता चौधरी जयंत जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों से पाँच लोगों को चुनकर अर्बन क्षेत्र में पार्टी को मजबूत करने की बड़ी जिम्मेदारी दी है। गाजियाबाद में सिख समाज का सम्मान बढ़ाते हुए यह अवसर देने के लिए मैं उनका आभारी हूँ। उन्होंने आगे कहा कि आरएलडी हमेशा से सर्वसमाज की पार्टी रही है और यह बात पार्टी के इतिहास से ही स्पष्ट होती है—स्वर्गीय भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, स्वर्गीय अजीत सिंह और अब चौधरी जयंत सिंह तक, सभी ने हर जाति, वर्ग और समाज को समान सम्मान दिया है। मैं स्वयं इसका उदाहरण हूँ कि क्ररुष्ठ सर्वसमावेशी पार्टी है। पंजाबी समाज से होने के बावजूद मुझे यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। इंद्रजीत सिंह टीटू ने यह भी स्पष्ट किया कि वे आने वाले दिनों में गाजियाबाद और पश्चिमी यूपी के कई जिलों- मुजफ्फरनगर, अलीगढ़, अमरोहा, नोएडा और ग्रेटर नोएडा में युवाओं एवं समाज के विभिन्न वर्गों से सीधा संपर्क कर पार्टी को मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी से जुडे वाले हर व्यक्ति को उनकी योग्यता के अनुसार जिम्मेदारी दिलाई जाएगी। आगामी पंचायत चुनावों पर भी टीटू ने रणनीतिक संकेत देते हुए कहा कि योग्य और मेहनती लोगों को टिकट दिलवाने तथा उन्हें जीत दिलाने के प्रयास में वे व्यक्तिगत रूप से जुटेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में मैं हर जाति, हर धर्म के लोगों के घर-घर जाऊंगा। मेरे नेता ने मुझ पर जो विश्वास जताया है उसे टूटने नहीं दूंगा। गाजियाबाद से लेकर पूरे शहरी यूपी तक आरएलडी का आधार और मजबूत किया जाएगा। इंद्रजीत सिंह टीटू ने गाजियाबाद के सभी नागरिकों, खासकर युवाओं को आमंत्रित करते हुए कहा कि चाहे वे किसी भी जाति या धर्म से हों, यदि वे राष्ट्रीय लोकदल की नीतियों में विश्वास रखते हैं, तो वे पार्टी से जुड़ सकते हैं और सक्रिय रूप से योगदान दे सकते हैं।

# डीएम के निर्देश पर श्रम विभाग ने चलाया बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन एवं चिन्हीकरण अभियान

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद** गाजियाबाद। बुधवार व गुरुवार को जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मॉंदड़ द्वारा दिये गये निदेर्शों के अनुपालन में अनुराग मिश्र, उप श्रम आयुक्त गाजियाबाद के नेतृत्व में हसं राज, जितेन्द्र सिंह, विनोद कुमार शमां एवं रीना, श्रम प्रवर्तन अधिकारीयों की संयुक्त टीम द्वारा प्रताप विहार, विजयनगर, अम्बेडकर रोड, सर्वोदय आदि स्थानों में बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन एवं चिन्हीकरण अभियान चलाकर 01 बाल श्रमिक मैसर्स सुप्रीम टायर वर्ल्ड, जी०टी० रोड, गाजियाबाद से चिन्हित किया गया एवं 19 किशोर श्रमिकों को विभिन्न दुकानों / प्रतिष्ठानों से चिन्हित किया गया। इन बाल एवं किशोर श्रमिकों के 20 सेवायोजकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गयी जिनमें 01 टायर की दुकान, 03 कपड़ों की दुकान, 02 परवून/जनरल स्टोर, 06 खाने की दुकान. 02 फर्नीचर की दुकान, 04 मोटर वर्कशॉप, 01 इलेक्ट्रोनिक की दुकान एवं 01 सराफा की दुकान शामिल हैं।

# जीडीए उपाध्यक्ष का कठोर रुख, ग्रेप-3 एवं एनजीटी नियमों के तहत सख्त कदम, 5 लाख का जुमार्ना भी लगाया गया

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** गाजियाबाद में बढ़ते वायु प्रदूषण को नियंत्रण में लाने के उद्देश्य से गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री नंद किशोर कलाल ने केंद्र, राज्य एवं एनसीआर प्राधिकरणों द्वारा निर्धारित सभी मानकों—एनजीटी दिशानिर्देश, सीपीसीबी/ऊढउउ नियम तथा ॠफअढ-3 प्रोटोकॉल—के तहत त्वरित और कड़े कदम उठाए हैं। वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में पहुँचने पर ॠफअढ-3 के अंतर्गत निर्माण-ध्वस्तीकरण गतिविधियों पर रोक, धूल नियंत्रण उपायों का अनिवार्य पालन तथा उल्लंघन पर भारी जुमार्ने का प्रावधान लागू होता है। इन सरकारी प्रावधानों के अनुपालन के तहत, राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में कई निजी बिल्डर साइटों पर एंटी-स्मॉग गन न चलने, निर्माण सामग्री खुले में मिलने, तथा अन्य गाइडलाइनों के उल्लंघन पर 5 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। उपाध्यक्ष महोदय ने चेतावनी दी कि किसी भी निर्माण स्थल पर दोबारा उल्लंघन पाए जाने पर एनजीटी अधिनियम के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई, चालान और आवश्यकता पड़ने पर ॠकफ भी की जाएगी। सरकार द्वारा निर्धारित 2016 के अनुसार निर्माण स्थलों पर बाड़ाबंदी, पानी का छिड़काव, धूल रोधी नेट, एंटी-स्मॉग गन और मैकेनिकल स्वीपिंग अनिवार्य है। ॠफअढ-3 के वर्तमान चरण के तहत सभी निर्माण गतिविधियाँ अगले आदेश तक बंद रखने का निर्देश जारी किया गया है। ऊढउउ मानकों के अनुसार प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों, खुले में निर्माण सामग्री रखने तथा सड़क पर कचरा या उ&ऊ वेस्ट फैलाने पर 10,000 से 5 लाख रुपये तक का दंड निर्धारित है। प्राधिकरण द्वारा नगर क्षेत्र में व्यापक स्तर पर धूल-मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। आधुनिक मशीनों से सड़कों पर सुबह और रात दोनों समय पानी का छिड़काव किया जा रहा है।

